वर्ष : 16 | अंक : 279 | मूल्य : 02 रूपया मात्र | पृष्ठ : 08 | RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शनिवार 01 फरवरी 2025


## समाचार

### बिजनेसमैन अभिषेक वर्मा ने थामा शिवसेना का दामन, एकनाथ शिंदे ने दिया राष्ट्रीय समन्वयक का पद



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** स्थित उद्योगपति अभिषेक वर्मा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट में शामिल हो गए। इस कार्यक्रम में उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद थे। वर्मा को पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक (चुनाव एवं गठबंधन) के रूप में पार्टी में शामिल किया गया। अभिषेक वर्मा पर पहले हेलिकॉप्टर घोटाले और स्कॉर्पीन पनडुब्बी सौदा घोटाले में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया था, लेकिन क्रमशः 2015 और 2017 में अदालत ने उन्हें सभी आरोपों से बरी कर दिया था। वर्मा के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार के मामलों की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने की थी। इनमें से एक मामले में वर्मा की पत्नी एंका वर्मा भी आरोपी थीं, लेकिन उन्हें भी सभी आरोपों से बरी कर दिया गया था। एक्स पर एक पोस्ट में एकनाथ शिंदे ने लिखा कि नई दिल्ली के जाने-माने उद्योगपति अभिषेक वर्मा ने आज आधिकारिक तौर पर शिवसेना पार्टी में प्रवेश कर लिया है। इस मौके पर उनका पार्टी में स्वागत किया गया और भविष्य में सामाजिक एवं राजनीतिक प्रगति के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उनके साथ उनकी पत्नी और बेटा भी मौजूद थे। इस समय उन्हें पार्टी के मुख्य राष्ट्रीय समन्वयक (चुनाव और गठबंधन) के रूप में नियुक्त किया गया था। इस अवसर पर शिव सेना सचिव कैप्टन अभिजीत अडसुल, शिव सेना के असम राज्य प्रमुख और उत्तर पूर्व प्रभारी परमिंदर सिंह मनचंदा भी उपस्थित थे।

## 'देश ने देखा कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार

## यह आदिवासी भाई-बहनों का अपमान', राष्ट्रपति पर दिए सोनिया गांधी के बयान पर बोले पीएम मोदी

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी ने शुक्रवार को संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संबोधन पर अपनी प्रतिक्रिया देकर विवाद खड़ा कर दिया है। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, अंत तक राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं...वह मुश्किल से बोल पा रही थीं, बेचारी। अब सोनिया के इसी बयान को लेकर भाजपा उनपर हमलावर हो गई है। भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी की ओर से राष्ट्रपति मुर्मू के लिए की गई एक टिप्पणी को लेकर उनकी कड़ी निंदा की और मांग की कि वह राष्ट्रपति तथा भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगें।



अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बिना नाम लिए सोनिया गांधी पर निशाना साधा है। दिल्ली में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और आपदा दोनों अहंकार की पराकाष्ठा के प्रतीक हैं। ये अअढ-दा वाले खुद को दिल्ली का मालिक बताते हैं। तो वहीं कांग्रेस वाले खुद को देश का मालिक समझते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार का अहंकार आज देश ने फिर देखा है। आज हमारी सम्मानीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी ने संसद को संबोधित किया। उन्होंने देशवासियों की उपलब्धियों के बारे में बताया, विकसित भारत के विजन के बारे में बताया। मोदी ने कहा कि हिंदी उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। शाही परिवार के एक सदस्य ने कहा कि आदिवासी बेटी ने बोरिंग भाषण दिया। दूसरी सदस्य तो इससे भी एक कदम आगे बढ़ गई। उन्होंने राष्ट्रपति जी को poor thing कहा, गरीब कहा, चीज कहा, थकी हुई कहा। ये देश के आदिवासी भाई-बहनों का अपमान है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के बाद सोनिया गांधी द्वारा की गई एक टिप्पणी को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करते हुए शुक्रवार को कहा कि उनकी मां राष्ट्रपति का बहुत सम्मान करती हैं तथा उनकी बातों को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि मेरी मां 78 साल की एक बुजुर्ग महिला हैं। उन्होंने सिर्फ यह कहा कि राष्ट्रपति इतना लंबा भाषण पढ़कर थक गई होंगी। वह महिलाओं का बहुत सम्मान करती हैं। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि मीडिया ने इसे तोड़-मरोड़कर पेश किया।

## दिल्ली के भजनपुरा में पुलिसकर्मी पर हमला, चार आरोपी गिरफ्तार

नूना न्यूज एजेंसी।

**उत्तर-पूर्वी दिल्ली।** के भजनपुरा इलाके में कथित रोड रेज मामले में दिल्ली पुलिस के एक परिवीक्षा उपनिरीक्षक पर चार से पांच लोगों ने हमला कर दिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े 12 बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद चार लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने एक बयान में कहा, भजनपुरा में एक पुलिस अधिकारी पर चार से पांच लोगों द्वारा हमला किए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर आया है।



भजनपुरा थाने में तैनात और वर्तमान में चुनाव ड्यूटी के लिए स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) में तैनात अधिकारी पर देर रात घर लौटते समय हमला किया गया। इस संबंध में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि उपनिरीक्षक अपने दोपहिया वाहन पर सवार होकर एक संकरे रास्ते को पार कर रहे थे कि तभी उनकी मोटरसाइकिल आगे चल रही एक कार के कारण फंस गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, उन्होंने (उपनिरीक्षक) विनम्रतापूर्वक रास्ता देने के लिए कहा, लेकिन चार लोगों ने अधिकारी को पकड़ लिया और बुरी तरह पीटा। उन्हें हालांकि कोई जानलेवा चोट नहीं आई। मामले की जांच जारी है। संबंधित परिवीक्षा उपनिरीक्षक ड्यूटी के बाद घर जा रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, घटना के संबंध में भजनपुरा थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने चार आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

## ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



### 30 लोगों की मौत बड़ी खबर है या 30 करोड़ लोगों का सकुशल स्नान करना

महाकुंभ मेले में मौनी अमावस्या पर्व पर मची भगदड़ में 30 श्रद्धालुओं की मृत्यु होना बहुत दुखद खबर है। लेकिन इस हादसे के बावजूद आठ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने उसी दिन स्नान किया और सकुशल वापस घर गये यह उत्तर प्रदेश प्रशासन की एक बड़ी उपलब्धि भी है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले की आबादी देखें तो वह लगभग 60 लाख के आसपास है। कुम्भ मेले में अब तक आ चुके श्रद्धालुओं का आंकड़ा देखें तो वह 30 करोड़ के पास पहुँचने वाला है। योगी सरकार का आकलन है कि 26 फरवरी तक चलने वाले धरती के इस सबसे बड़े मेले में 45 करोड़ के आसपास लोग आयेंगे। ऐसे में आप कल्पना करके देखिये कि इतनी बड़ी भीड़ को संभालने और उनके लिए तमाम तरह की व्यवस्थाएं करने के लिए प्रशासन ने कितने समय से कितने प्रयास किये होंगे। भगदड़ की एक घटना को लेकर पूरी व्यवस्था पर प्रश्न उठाने वालों को यह भी देखना चाहिए कि मौनी अमावस्या से पहले ही रात को लगभग पांच करोड़ लोग सकुशल स्नान कर चुके थे और घटना के बाद भी आठ करोड़ लोगों ने सकुशल स्नान किया था। इससे पहले के अमृत स्नान के दौरान भी लगभग पांच करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था लेकिन किसी को खरोंच तक नहीं आई थी। जिन लोगों को एक दिन में एक जगह पर आठ से दस करोड़ लोगों का स्नान करना मामूली बात लगती है उन्हें पता होना चाहिए कि यह संख्या कई देशों की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। आपने देखा होगा कि भगदड़ की घटना की खबर मिलते ही विपक्ष के कई नेता इतनी तेजी से बयान जारी करने लग गये थे जैसे कि वह पहले से टाइप करके रखा गया था और किसी हादसे की प्रतीक्षा की जा रही थी ताकि योगी सरकार को घेरा जा सके। कुछ मीडिया संस्थानों ने भी सनसनी फैलाने में देरी नहीं लगाई और अपनी जिम्मेदारी को नहीं समझते हुए सिर्फ अव्यवस्था संबंधी खबरें चलाईं। जबकि सच्चाई यह थी कि घटना के कुछ ही मिनटों के भीतर हालात पर काबू पाया जा चुका था और इसी का परिणाम था कि पूरे दिन स्नान सुचारू रूप से चला और आज भी करोड़ों लोग अब तक डुबकी लगा चुके हैं और सरकार के इंतजामों की तारीफ कर रहे हैं।

**SYED ZAKI HAIDER**


( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## द्वारका में गरजे पीएम मोदी

## बोले- दिल्ली में तकरार वाली नहीं, तालमेल वाली सरकार चाहिए

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली चुनाव को लेकर द्वारका में एक जनसभा को संबोधित किया। नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में मतदान होने में अब बस पांच दिन बचे हैं। दिल्ली ने ठान लिया है कि अअढ-दा वालों को भगाना है, इस बार भारी बहुमत से भाजपा सरकार बनाना है। उन्होंने कहा कि भाजपा दिल्ली को जितना आधुनिक बनाना चाहती है, उसकी एक झलक यहां द्वारका में दिखती है। केंद्र सरकार ने यहां भव्य यशोभूमि का निर्माण करवाया, यशोभूमि की वजह से यहां द्वारका, दिल्ली के हजारों नौजवानों को रोजगार मिला है, यहां लोगों का व्यापार बढ़ा है। आने वाले समय में ये पूरा क्षेत्र एक प्रकार से स्मार्ट शहर होगा। मोदी ने कहा कि दिल्ली को केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन वाली सरकार चाहिए। आपने पहले कितने ही साल कांग्रेस को देखा, फिर दिल्ली पर AAP-दा



वालों ने कब्जा कर लिया। आपने मुझे देश की सेवा करने का बार-बार अवसर दिया है, अब आप मुझे डबल इंजन सरकार बनाकर दिल्ली की भी सेवा करने का मौका दें। उन्होंने कहा कि बीते 11 साल में AAP-दा ने सबके साथ लड़ाई-झगड़ा ही किया है। ये केंद्र सरकार से लड़ते हैं, ये हरियाणा वालों के साथ लड़ते हैं, ये यूपी वालों के साथ लड़ते हैं, ये केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू नहीं होने देते हैं। अगर दिल्ली में यही AAP-दा वाले ही रहे, तो दिल्ली विकास में पीछे रह जाएगी और बर्बाद होती जाएगी। नरेंद्र मोदी ने कहा कि दिल्ली में तकरार वाली नहीं, तालमेल वाली सरकार चाहिए, ताकि मिलजुल कर दिल्ली की हर बड़ी समस्या का समाधान हो। हमें मिलकर दिल्ली को लूट और झूठ की AAP-दा से मुक्त कराना है। उन्होंने कहा कि AAP-दा वालों ने दिल्ली को अपनी राजनीति चमकाने का ATM बना दिया है। AAP-दा वालों ने दिल्ली का पैसा निचोड़ लिया है, लूट लिया है। दिल्ली में घोटाले करके ये AAP-दा वाले कालेधन से देश के दूसरे राज्यों में राजनीति चमकाते हैं। मोदी ने कहा कि मेरा अपना तो कोई घर नहीं है, लेकिन मेरा सपना है कि मैं हर गरीब को पक्का घर दूं। लेकिन यहां की AAP-दा सरकार पूरी ताकत से जुटी हुई है कि आपको पक्के घर न मिल पाएं। उन्होंने कहा कि AAP-दा सरकार ने केंद्र सरकार के बनाए हुए हजारों घर दिल्ली के गरीबों को नहीं सौंपे हैं। अपने लिए करोड़ों का शीश महल बनवाने वालों को गरीब का ये दर्द कभी समझ नहीं आएगा। गरीबों के घर के लिए यहां भाजपा सरकार बननी जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि जैसे ही हम दिल्ली में सरकार बनाएंगे, हम AAPda के भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे। जिन लोगों ने दिल्ली को लूटा है, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाएगा और जो कुछ उन्होंने लिया है उसे वापस करने को कहा जाएगा। विधानसभा के पहले सत्र में सीएजी रिपोर्ट पेश की जाएगी। यह रिपोर्ट AAPDA के घोटालों का खुलासा करेगी, इसलिए वे इसे छिपाने की कोशिश कर रहे हैं।

## हिमाचल प्रदेश में पुलिस ने दो किलो से अधिक चरस जब्त की, दो गिरफ्तार

**नूरपुर।** पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से दो किलोग्राम से अधिक चरस बरामद की। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अशोक रतन ने बताया कि यह अभियान मठोली क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के दौरान चंबा जिले के मक्कन सनवाल गांव निवासी जगदीश और टेगा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम की धारा 20 (भांग का पौधा और भांग से संबंधित अपराधों के लिए सजा) और धारा 29 (उकसाने का अपराध) के तहत मामला दर्ज किया है। एसपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है और पुलिस क्षेत्र में नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अभियान जारी रखेगी।

## राष्ट्रपति ने संसद को किया संबोधित

नूना न्यूज एजेंसी।



**दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ ही संसद का बजट सत्र शुरू हो गया। बजट सत्र 31 जनवरी से 4 अप्रैल तक दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। सत्र का पहला भाग 13 फरवरी को समाप्त होगा और दूसरा चरण 10 मार्च से शुरू होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण 2024-25 पेश किया, जिसमें चालू वित्तीय वर्ष में अर्थव्यवस्था के प्रदर्शन का आधिकारिक आकलन प्रदान किया गया और देश के सामने आने वाली चुनौतियों की सूची दी गई।

### मुर्मू के अभिभाषण की मुख्य बातें


- राष्ट्रपति ने प्रयागराज में हुए महाकुंभ हादसे पर दुख जताते हुए जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।
- राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार के तीसरे कार्यकाल में पिछली सरकारों की तुलना में तीन गुना तेजी से काम हो रहा है।
- सरकार ने तीन करोड़ अतिरिक्त परिवारों को नए घर उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना का विस्तार करने का निर्णय लिया है।
- आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा देने का फैसला हुआ है।
- मुर्मू ने कहा कि मेरी सरकार महिलाओं के नेतृत्व में देश को सशक्त बनाने में विश्वास करती है।
- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 91 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों को सशक्त किया जा रहा है।
- राष्ट्रपति ने कहा कि आज हमारे युवा स्टार्ट-अप और खेल से लेकर अंतरिक्ष तक, हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रहे हैं।
- मेरी सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए आधुनिक शिक्षा प्रणाली तैयार कर रही है।
- मेरी सरकार ने नीतिगत पंगुता को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम किया है।
- राष्ट्रपति ने कहा कि डिजिटल धोखाधड़ी, साइबर अपराध और ह्यडीपफेकह्न सामाजिक, आर्थिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चुनौती है।
- भारत में आधुनिक और आत्मनिर्भर कृषि व्यवस्था हमारा लक्ष्य है, सरकार किसानों को फसल का उचित दाम दिलाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए समर्पित भाव से काम कर रही है।
- सहकारी क्षेत्र के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए उठाए गए विभिन्न कदमों से रोजगार के कई अवसर पैदा हो रहे हैं।
- मेरी सरकार ने दलितों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़े वर्ग (ओबीसी) को हमारी पहलों और योजनाओं का सबसे बड़ा लाभार्थी सुनिश्चित किया है।
- वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ लड़ाई अंतिम चरण में पहुंच गई है, प्रभावित जिलों की संख्या तेजी से घटकर 38 हो गई है।
- आजादी के दशकों बाद भी हमारे जिस जनजातीय एवं आदिवासी समाज की उपेक्षा होती रही, मेरी सरकार ने उसके कल्याण को पहली प्राथमिकता दी है।

## सोनिया गांधी के बचाव में उतरीं प्रियंका

## कहा- राष्ट्रपति का सम्मान करती हैं मेरी मां, बीजेपी पर लगाया बड़ा आरोप

नूना न्यूज एजेंसी।

**दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पर सोनिया गांधी की टिप्पणी को लेकर भाजपा द्वारा माफी मांगे जाने की मांग किये जाने पर प्रियंका गांधी का बयान सामने आया है। प्रियंका गांधी ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्हें पहले देश को बर्बाद करने के लिए माफी मांगनी चाहिए। प्रियंका गांधी ने कहा कि मेरी मां 70-80 साल की बुजुर्ग महिला हैं, उन्होंने बस इतना कहा है कि 'राष्ट्रपति ने इतना लंबा भाषण पढ़ा और वह थक गई होंगी, बेचारी'। वह भारत के राष्ट्रपति का पूरा सम्मान करती हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा कि मुझे लगता है कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण



है कि मीडिया द्वारा इस तरह की बात को तोड़-मरोड़कर पेश किया जाता है। वे दोनों दो सम्मानित लोग हैं और हमसे उम्र में बड़े हैं। उनका अनादर से कोई मतलब नहीं है। भाजपा को पहले खाई में धकेलने के लिए माफी मांगनी चाहिए। भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सोनिया गांधी की टिप्पणी की निंदा की और मांग की कि वह राष्ट्रपति और भारत के आदिवासी समुदायों से बिना शर्त माफी मांगें। लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने एक्स पर पोस्ट किया, माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी के स्वास्थ्य के प्रति सोनिया गांधी जी की सहानुभूति भाजपा के लोगों को पच नहीं रही है। भारत के प्रत्येक व्यक्ति के मन में राष्ट्रपति के प्रति सम्मान और सहानुभूति है। उन्होंने कहा, क्या भाजपा राष्ट्रपति मुर्मू के प्रति उस अनादर का जवाब देगी, जब उन्हें संसद भवन या अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन में आमंत्रित नहीं किया गया मैं उन्हें इस प्रश्न का उत्तर देने की चुनौती देता हूं।

### बरेली में टैम्पो पलटने से उसमें सवार पांच छात्र घायल

**बरेली।** शहर के थाना सीबीगंज क्षेत्र में शुक्रवार को एक टैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से एक स्कूल टैम्पो पलट गया जिससे उसमें सवार पांच छात्र घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को पास के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सीबीगंज थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) सुरेश चंद गौतम ने बताया कि क्षेत्र में टैम्पो पलटने से पांच छात्र घायल हो गए। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली ने पीछे से टैम्पो को टक्कर मारी थी, जिस वजह से यह घटना हुयी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गयी।

## राहुल बोले- शीला दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार में दिल्ली में जमकर विकास हुआ था, उसे 'आप' सरकार ने नष्ट किया



**नई दिल्ली।** 31 जनवरी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में प्रचार करते हुए कहा कि शीला दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के शासन में दिल्ली में जमकर विकास हुआ था, उसे आम आदमी पार्टी की सरकार ने नष्ट कर दिया है। नई दिल्ली के मादीपुर में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आम आदमी पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने राजनीति को साफ करने और बदलाव लाने की बात कही थी। लेकिन उन्होंने सबसे बड़ा शराब घोटाला कर दिया। उन्होंने लोगों को याद दिलाया कि कैसे केजरीवाल एक छोटी वैगन-आर कार में घूमते हुए करोड़ों के शीश महल की पार्किंग में पहुंच गए। उन्होंने टीम केजरीवाल का पोस्टर दिखाते हुए कहा कि इन आम आदमी पार्टी नेताओं को नवरत्न कहा गया है। इन नौ नेताओं में एक भी दलित, पिछड़ा, आदिवासी या अल्पसंख्यक वर्ग का व्यक्ति नहीं है। दिल्ली हिंसा का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि केजरीवाल ने दलितों और अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की बात कही थी। लेकिन दिल्ली हिंसा के समय केजरीवाल कहीं नहीं दिखाई दिए थे। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि मोदी की तरह ही केजरीवाल झूठ पर झूठ बोलते हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल ने पांच साल पहले यमुना नदी को साफ करने का वादा किया था। अब केजरीवाल दूसरों पर यमुना के पानी को प्रदूषित करने का आरोप लगा रहे हैं, जबकि यह उनकी जिम्मेदारी थी। उन्होंने कहा कि केजरीवाल के शब्द खोखले हैं। अपने संबोधन में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कभी जनता के मुद्दों की बात नहीं करते, केवल ध्यान भटकाने का काम करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 25 अरबपतियों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ किया, लेकिन दिल्ली की आम जनता का कर्ज माफ नहीं किया। केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई नोटबंदी और जीएसटी ने छोटे व मध्यम व्यवसायों को खत्म कर दिया। यही कारण है कि देश में आज युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है।

## वित्त मंत्रालय का आर्थिक सर्वेक्षण अक्सर वांछित नीतियों की एक सूची और अवांछनीय नीतियों के बारे में चेतावनी



**दिल्ली।** वित्त मंत्रालय का आर्थिक सर्वेक्षण अक्सर वांछित नीतियों की एक सूची और अवांछनीय नीतियों के बारे में चेतावनी होती है। नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण भी इससे अलग नहीं है, और इसमें सरकार के लिए विचार करने के लिए बहुत कुछ है। पहला, यह बताता है कि मनरेगा ग्रामीण गरीब लोगों के लिए एक जीवनरेखा रही है, और आज यह "स्थायी आजीविका विविधीकरण के लिए एक टिकाऊ ग्रामीण संपत्ति निर्माण कार्यक्रम" में विकसित हो गया है। तेजी से बदलते जलवायु युग में, इसने मिट्टी की गुणवत्ता में सुधार और जल प्रबंधन में सुधार के माध्यम से ग्रामीण पारिस्थितिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद की है। इसलिए प्रधानमंत्री को यह बताना चाहिए कि वह मनरेगा को आवंटन कम करके, आधार-आधारित भुगतान प्रणाली को लागू करके 27% श्रमिकों को भुगतान से बाहर करके, और मजदूरी को कम रखकर क्यों उन्हें दबा रहे हैं। दूसरा, यह बताता है कि भारतीय वित्तीय बाजारों में 11.5 करोड़ निवेशकों के डिमैट खाते हैं। यह सैवेक्षण कहता है कि "निवेशकों की भागीदारी ने बाजार रिटर्न में बढ़त के एक चक्र को जन्म दिया है, जिससे और भी अधिक निवेशक आ रहे हैं"। फिर सरकार सेबी जैसे एक मूल्यवान राष्ट्रीय संपत्ति की भ्रष्टाचार और कमजोरियों की निगरानी क्यों कर रही है, जिसकी अखंडता इन निवेशकों के कल्याण के लिए केंद्रीय है? जैसा कि आर्थिक सर्वेक्षण स्वयं कहता है "यह उचित है कि वित्तीय नियामक उन मानकों का पालन करें जो वे विनियमित संस्थाओं से अपेक्षा करते हैं। तीसरा, पीएलआई जैसी योजनाओं पर हजारों करोड़ खर्च करने के बावजूद, चीन से बिना रुके आयात जारी है, और 2023-24 का $102 बिलियन का रिकॉर्ड 2024-25 में टूटने की संभावना है। यह निकट भविष्य में बदलने की संभावना नहीं है, जैसा कि आर्थिक सर्वेक्षण कहता है: "ई-वाहन उत्पादन की आयात तीव्रता - विशेष रूप से उन देशों से जिनके साथ भारत का लगातार और बड़ा व्यापार घाटा है - बहुत अधिक है।

## जल आपूर्ति बहाल करने में भारतीय नौसेना के गोताखोरों की मदद

नई दिल्ली, जनवरी : उत्तर गोवा में जल आपूर्ति बाधित होने के बाद भारतीय नौसेना के गोताखोरों ने सफलतापूर्वक अमथाने बांध में फंसे स्लूइस गेट को खोलकर जल आपूर्ति बहाल कर दी। गोवा जल संसाधन विभाग के सचिव ने 27 जनवरी को नौसेना से सहायता का अनुरोध किया था। इसके बाद गोवा स्थित भारतीय नौसेना की क्लियरेंस डाइविंग यूनिट की एक टीम ने तुरंत सर्वेक्षण गोताखोरी शुरू की और समस्या का समाधान खोजा। 28 जनवरी से गोताखोरों ने लगातार प्रयास किए और 29 जनवरी को फंसे हुए स्लूइस गेट को सफलतापूर्वक उठा लिया, जिससे जल आपूर्ति पुनः शुरू हो गई। इस कठिन अभियान में नौसेना की टीम ने दिन-रात काम किया और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी उच्चतम मानकों को बनाए रखा। भारतीय नौसेना की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से उत्तर गोवा के निवासियों को राहत मिली, जो जल आपूर्ति बाधित होने के कारण परेशानी का सामना कर रहे थे। यह अभियान नौसेना की तत्परता और जनसेवा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर एनसीपी नेताओं ने राजघाट जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करतें एनसीपी नेता।

नई दिल्ली, जनवरी : महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं ने राजघाट जाकर महात्मा गांधी जी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, प्रमुख प्रवक्ता एवं दिल्ली प्रभारी बृज मोहन श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता अविनाश आदिक, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, दिल्ली मीडिया प्रभारी दीपाली अरोड़ा, वरिष्ठ अधिवक्ता और एन सी पी दिल्ली के लीगल सेल के अध्यक्ष तेज सिंह वरुण सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित थे। इस अवसर पर महात्मा गांधी के योगदान और उनके आदर्शों को सभी ने स्मरण किया और उनके मार्गदर्शन में अपने कर्तव्यों का पालन करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, प्रमुख प्रवक्ता एवं दिल्ली प्रभारी बृज मोहन श्रीवास्तव ने गांधीजी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके आत्मनिर्भरता के सिद्धांत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर बापू के विचार आज भी राष्ट्र को आत्मनिर्भर और विकसित भारत की दिशा दिखा रहे हैं। उनके जीवन के आदर्श हमेशा पूरी मानवता को प्रेरित करते रहेंगे। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने कहा कि मैं भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के महान नेता महात्मा गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं, जिन्होंने सत्य, अहिंसा और अन्याय के खिलाफ लड़ाई के भारतीय मूल्यों को दुनिया भर में फैलाया।

## शरजील इमाम और अभिषेक मनु सिंघवी बिना फिल्म देखे परेशान है : देवेंद्र मालवीय निर्देशक "2020 दिल्ली

## दिल्ली दंगों पर बनी देश की पहली सिंगल टेक फिल्म विवादों के चक्रव्यूह में घिरी




**नई दिल्ली।** के प्लाजा पीवीआर में आज अपनी रिलीज से पहले ही जबरदस्त विवादों में घिर चुकी फिल्म 2020 दिल्ली को प्रमोट करने फिल्म के निमार्ता देवेंद्र मालवीय और फिल्म के प्रमुख कलाकार मीडिया से बात कर ही रहे थे कि इसी बीच उन्हें उनके साथ आए एडवोकेट ने खबर दी कि दिल्ली दंगों के आरोपी शरजील इमाम ने फिल्म की रिलीज रोकने के लिए दिल्ली हाइकोर्ट में याचिका दायर की है। इस खबर पर निमार्ता निर्देशक देवेंद्र मालवीय ने कहा कि पता नहीं क्यों बिना फिल्म देख शरजील इमाम और अभिषेक मनु सिंघवी परेशान है। बुलंद इरादों और अपने बढ़ाए कदम से जरा भी विचलित ना होते हुए देवेंद्र ने कहा हमे अभी कोर्ट से कोई सूचना नहीं मिली है हम कानून का सम्मान करते है और कानून के दायरे में रहते हुए तय करेंगे कि फिल्म अपनी पहले से तय तारीख पर ही रिलीज हो सके। इस प्रेस वार्ता में निमार्ता देवेंद्र के साथ आए अनुभवी फिल्म और टीवी एक्टर समर जयसिंह भी आए। देश की पहली सिंगल शॉट फिल्म में काम करने के अनुभव को मीडिया से शेयर किया। समर कहते है इस फिल्म में काम करने का अनुभव मेरे लिए ही नहीं सभी कलाकारों के लिए बिल्कुल नया था सिंगल शॉट तकनीक में एक्टर को रिटेक का मौका नहीं मिलता सो मैने ही नहीं इस फिल्म के सभी कलाकारों ने बेहद मेहनत की , समर कहते है मुझे हैरानी होती है इस फिल्म को अभी किसी ने भी नहीं देखा 24 जनवरी को फिल्म का सिर्फ 3 मिनिट का ट्रेलर जारी किया और इसे देखते ही देश के नामी एडवोकेट अभिषेक मनु सिंघवी ने फिल्म के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया उनका बयान देखिए कि वो हमारी इस फिल्म को देश की एकता और अखंडता के सबसे बड़ा खतरा बता रहे है। इन लोगों को नहीं मालूम कि फिल्म बनाने में मेकर और एक्टर से लेकर यूनिट के अनेक लोगों की कितनी मेहनत होती है ये लोग ऐसी सच को उजागर करने वाली फिल्म के मेकर का उत्साह बढ़ाने की बजाय उनका हौसला खत्म करने में लग जाते है।

## 'कारीगरी' भारतीय हस्तकला एवं हथकरघा का भव्य उत्सव



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के दिल यानी जनपथ स्थित नेशनल सेंटर फॉर हेरिटेज टेक्सटाइल (हैंडलूम हाट) में हस्तकला एवं हथकरघा प्रेमियों के लिए एमएसएमई और अम्बपाली के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय हस्तकला एवं हथकरघा की समृद्ध परंपराओं का भव्य उत्सव कारीगरी आयोजित किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी 27 जनवरी से 4 फरवरी तक चलेगा। इसमें भारत के विभिन्न अंचलों से लाए गए हस्तनिर्मित उत्पादों का अद्वितीय संगम है, जिसमें कारीगरों की सृजनशीलता, परिश्रम और सांस्कृतिक धरोहर का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय शिल्पकारों को वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाना और उनके उत्पादों को व्यापक स्तर पर पहुँचाना है। कारीगरी प्रदर्शनी का आयोजन अम्बपाली हैंडलूम एवं हस्तकला बहुराज्य सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा किया गया है, जिसे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के प्रोक्योरमेंट और विपणन सहायता (पीएमएस) योजना के अंतर्गत सहयोग प्राप्त है। प्रदर्शनी में देश के विभिन्न राज्यों, जैसे उत्तर प्रदेश, बिहार, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, ओडिशा, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, आंध्र प्रदेश आदि से आए कारीगरों ने अपनी कृतियों का प्रदर्शन किया है। इस प्रदर्शनी में बनारसी साड़ी, कांचीपुरम सिल्क, कश्मीरी पश्मीना शॉल, राजस्थान के ब्लॉक प्रिंट और मध्य प्रदेश के चंदेरी वस्त्र जैसे कई प्रमुख हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन हो रहा है। प्रदर्शनी में कुल 75 स्टॉल लगाए गए हैं। यह प्रदर्शनी 4 फरवरी 2025 तक प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से शाम 8 बजे तक निःशुल्क जनसामान्य के लिए खुली रहेगी।

## केजरीवाल का दावा, आप सरकार ने महीने में परिवारों के बचाए 25,000 रुपये



**दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज राष्ट्रीय राजधानी में 'बचत पत्र' अभियान शुरू किया। केजरीवाल ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि आज, हम पूरी दिल्ली में एक नया अभियान शुरू कर रहे हैं। हमारे कार्यकर्ता घर-घर जाएंगे और लोगों से 'बचत पत्र' भरवाएंगे। हम परिवारों के साथ बैठेंगे और गणना करेंगे कि उन्हें आप की योजनाओं से कितना फायदा हुआ। आम आदमी पार्टी ने अपनी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण दिल्लीवासियों द्वारा की गई बचत को उजागर करने के लिए 'बचत पत्र' अभियान शुरू किया। केजरीवाल ने कहा कि आप सरकार की योजनाओं के कारण दिल्ली के हर घर में प्रति माह 25,000 रुपये की बचत हुई, भाजपा जनता का पैसा लूटने के लिए विधानसभा चुनाव लड़ रही है। पार्टी सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि आप सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के कारण दिल्ली में हर घर में हर महीने औसतन 25,000 रुपये की बचत होती है और अगर पार्टी सत्ता में लौटती है, तो इसकी नई पहल से लोगों की बचत में 10,000 रुपये और जुड़ जाएंगे। पूर्व मुख्यमंत्री यहां आप के 'बचत पत्र' अभियान के शुभारंभ पर बोल रहे थे, जिसका उद्देश्य उनकी पार्टी की सरकार द्वारा लाई गई योजनाओं के वित्तीय लाभों को उजागर करना था। उन्होंने कहा कि हमारे स्वयंसेवक लोगों तक पहुंचेंगे और उनसे 'बचत पत्र' भरवाएंगे जिसमें वे नोट करेंगे कि वे हमारी मुफ्त कल्याण पहल के माध्यम से कितनी बचत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप सरकार की नीतियों के तहत, दिल्ली का एक औसत परिवार प्रति माह 25,000 रुपये बचाता है और अगर लोग 'झाड़ू' पर बटन दबाकर पार्टी को सत्ता में वापस लाते हैं, तो इसकी नई योजनाएं इसमें 10,000 रुपये और जोड़ देंगी।

## तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री ने दिल्ली में सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की

**नई दिल्ली :** तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क ने नई दिल्ली में मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। तेलंगाना के उप-मुख्यमंत्री ने सेली एचईपी (400 मेगावाट) और मियार एचईपी (120 मेगावाट) विद्युत परियोजनाओं में रुचि व्यक्त करते हुए एक पत्र प्रस्तुत किया। तेलंगाना सरकार ने हिमाचल प्रदेश सरकार से इस संबंध में एक समझौता ज्ञापन प्रस्तुत करने का आग्रह किया ताकि मामले को आगे बढ़ाया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छुक राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों और राज्य पीएसयू/केंद्रीय पीएसयू से बीओओटी आधार पर 22 जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए राज्य सरकार के प्रस्ताव के जवाब में, तेलंगाना के विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की एक टीम ने हिमाचल प्रदेश का दौरा किया है। इस दल ने विद्युत सचिव राकेश कंवर के साथ भी चर्चा की। इस टीम ने सेली और मियार जल विद्युत परियोजनाओं के स्थलों का भी दौरा किया और सिफारिश की है कि 100 मेगावाट से अधिक जल विद्युत परियोजना की क्षमता वाले स्थलों के लिए रुचि व्यक्त की जा सकती है। प्रदेश के लिए अधिक बिजली उत्पादन और राजस्व अर्जित करने की संभावनाएं तलाश करने की दिशा में यह कदम एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला का भव्य आयोजन

### भारतीय साहित्य, कला, सिनेमा और प्रौद्योगिकी पर होगी चर्चा

### लोकतंत्र, समावेशिता और विविधता की भावना को मिलेगा मंच




विश्व पुस्तक मेला की जानकारी देते गणमान्य।

नई दिल्ली, जनवरी : भारत के गणतंत्र के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 एक भव्य साहित्यिक और सांस्कृतिक उत्सव के रूप में आयोजित किया जाएगा। यह प्रतिष्ठित आयोजन 1 से 9 फरवरी 2025 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष का पुस्तक मेला भारत की विविध भाषाओं, संस्कृतियों और संविधान में निहित सिद्धांतों को प्रतिबिंबित करेगा। यह आयोजन साहित्यिक चर्चाओं, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और विभिन्न विषयों पर सत्रों के माध्यम से लोकतंत्र, समावेशिता और एकता के मूल्यों को प्रदर्शित करेगा। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में पंकज त्रिपाठी, फोनसोख लद्दाखी, पुष्पेश पंत, शशि थरूर, गजेंद्र सिंह शेखावत, गोविंद ढोलकिया, कुमार विश्वास और प्रकाश झा जैसे दिग्गज अपने विचार साझा करेंगे। उनके सत्र इस महोत्सव की समावेशी दृष्टि को और भी सशक्त बनाएंगे। राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा 2024 में शुरू की गई फैस्टीवल ऑफ फैस्टीवल्स पहल के तहत देश भर के प्रमुख पुस्तक महोत्सव इस बार एक मंच पर आएंगे। ब्रह्मपुत्र लिटरेचर फेस्टिवल, प्रभात प्रकाशन, भारत लिटरेचर फेस्टिवल, एपीजे कोलकाता लिटरेरी फेस्टिवल, ओथर्स इंक पब्लिकेशन्स, पेंगुइन डायलॉग, माई सीक्रेट बुकशेल्फ एनेकडोट पब्लिशिंग हाउस, एशियन लिटरेरी सोसाइटी और ग्रेट इंडियन बुक टूर जैसी प्रमुख संस्थाएं भाग लेंगी, जिससे साहित्यिक आयोजनों में सहयोग और जुड़ाव को बढ़ावा मिलेगा। नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 2025 में एक विशेष ओथर्स लाउंज की स्थापना की जाएगी, जहाँ लेखक और साहित्यकार अपने विचार साझा करेंगे और साहित्यिक संवाद को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे। यह मेला केवल पुस्तकों और साहित्य का उत्सव ही नहीं, बल्कि एक उभरते भारत की आकांक्षाओं और उज्ज्वल भविष्य की ओर दृष्टि डालने वाला महत्वपूर्ण मंच भी होगा।

## दिल्ली में वायु गुणवत्ता का स्तर बहुत खराब श्रेणी में दर्ज



**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में शुक्रवार सुबह आसमान साफ रहा और न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से थोड़ा अधिक है। दिल्ली में सुबह साढ़े आठ बजे आर्द्रता का स्तर 95 प्रतिशत रहा। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, अधिकतम तापमान के 26 डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंचने की संभावना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 349 था जो बहुत खराब श्रेणी में आता है। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 के बीच संतोषजनक, 101 से 200 के बीच मध्यम, 201 से 300 के बीच खराब, 301 से 400 के बीच बहुत खराब और 401 से 500 के बीच एक्यूआई को गंभीर श्रेणी में माना जाता है।

## आई.एन.एस.वी. तारिणी ने पार किया प्वाइंट नीमो, महिला नौसेना अधिकारियों की ऐतिहासिक उपलब्धि

### सबसे दूरस्थ महासागरीय बिंदु पर भारत की मौजूदगी




नई दिल्ली, जनवरी : भारतीय नौसेना की महिला अधिकारियों द्वारा संचालित आईएनएसवी तारिणी ने नविका सागर परिक्रमा के तीसरे चरण के दौरान प्वाइंट नीमो को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। यह ऐतिहासिक उपलब्धि लैफ्टिनैंट कमांडर दिलना के और लैफ्टिनैंट कमांडर ने 30 जनवरी को भारतीय समयानुसार 3 बजे हासिल की। वे इस समय न्यूजीलैंड के लिटलटन बंदरगाह से फॉकलैंड द्वीप समूह के पोर्ट स्टैनली की यात्रा पर हैं। प्वाइंट नीमो दक्षिण प्रशांत महासागर का सबसे दूरस्थ स्थान है, जो किसी भी भू-भाग से करीब 2,688 किमी की दूरी पर स्थित है। इस अत्यंत दुर्गम क्षेत्र को ओशनिक पोल ऑफ इनऐक्सेसेबिलिटी कहा जाता है, जहां मानव उपस्थिति विरले ही होती है। दिलचस्प बात यह है कि कई अंतरिक्ष एजेंसियां पुराने और निष्क्रिय उपग्रहों को नियंत्रित तरीके से पृथ्वी के वायुमंडल में गिराने के लिए इस स्थान का उपयोग करती हैं, जिससे उन्हें महासागर में डुबो दिया जाता है। आईएनएसवी तारिणी ने इस क्षेत्र को सिर्फ पाल की सहायता से पार किया, जो इसे और भी विशिष्ट बनाता है। यह उपलब्धि भारत की महिला नौ सैनिकों के साहस और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है। इस दौरान अधिकारियों ने समुद्र जल के महत्वपूर्ण नमूने भी एकत्र किए हैं, जिन्हें वैज्ञानिक अध्ययन के लिए राष्ट्रीय समुद्र विज्ञान संस्थान भेजा जाएगा। इन नमूनों के विश्लेषण से समुद्री जैव विविधता और जल के रासायनिक तत्वों की जानकारी मिल सकेगी। नाविका सागर परिक्रमा भारतीय नौसेना की महिला अधिकारियों की दृढ़ इच्छाशक्ति और वैज्ञानिक अनुसंधान में उनके योगदान का प्रमाण है। आईएनएसवी तारिणी अब अपने अगले गंतव्य पोर्ट स्टैनली की ओर बढ़ रही है।

## नरसिंहानंद ने प्रधानमंत्री को खून से लिखा पत्र, बांग्लादेश में हिंदुओं की रक्षा करने का अनुरोध किया



**दिल्ली।** जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद ने बांग्लादेश और पाकिस्तान में हिंदुओं की रक्षा के लिए यहां श्रीदुधेश्वरनाथ मठ के शिविर से बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपने रक्त से एक पत्र लिखा। यति नरसिंहानंद ने पत्रकारों से कहा कि पत्र में उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बांग्लादेश और पाकिस्तान में रह रहे हिंदुओं की रक्षा के लिए सैन्य कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि रक्त से लिखित इस पत्र को डॉक्टर उदिता त्यागी और यति सन्यासी, सभी सनातनी धर्मगुरुओं के समक्ष ले जाएंगे जहां उनसे इस पत्र के समर्थन में हस्ताक्षर करने की प्रार्थना की जाएगी। इस पत्र पर सबसे पहले श्रीमहंत नारायण गिरि जी महाराज ने हस्ताक्षर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को विश्व के हर हिन्दू की रक्षा की जिम्मेदारी लेनी ही चाहिये।

CMYK

## समाचार

### महर्षि वाल्मीकि जी स्मृति द्वारा का विधायक ने किया फीता काट कर शुभारंभ



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर ।** शुक्रवार को नगर के मोहल्ला होली वाला बाल्मीकि बस्ती मे श्री महर्षि वाल्मीकि जी स्मृति द्वार का विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने फीता काटकर शुभारंभ कर किया, बताते चलें कि क्षेत्र में विभिन्न मार्गो पर विधायक महेंद्र सिंह खड्गवंशी के प्रयासों द्वारा विभिन्न महापुरुषों के नाम पर स्मृति द्वार/स्वागत द्वार बनाए गए हैं, जिसमें नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के निकट शुक्रवार को महर्षि वाल्मीकि जी स्मृति द्वारा का विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने लोकार्पण कर दिया, इस मौके पर विधायक महेंद्र सिंह खड़कवंशी ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य सबका साथ सबका विकास और सब का विश्वास है तथा भाजपा सरकार हर परिस्थिति में हमेशा आप लोगों के साथ है ' इस मौके पर मुख्य रूप से विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी, मयंक अग्रवाल, संजय राणा, अंकुर अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, देवेंद्र खड़गवंशी, संजय शर्मा, अजय पॉल, विक्रम महंत, सभासद चमन देवी पति पप्पू सिंह,संजय सहदेव, कृष्ण वाल्मीकि, विजय पारछा आदि सहित वाल्मीकि समाज के सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### इस रविवार को बसंत पंचमी पर भगवान लक्ष्मी नारायण मंदिर की होगी प्राण प्रतिष्ठा




**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**

**हसनपुर।** क्षेत्र की धार्मिक संस्था श्री हरी सेवा संस्थान हसनपुर अमरोहा के द्वारा भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा बसंत पंचमी 2 फरवरी इस रविवार को होने जा रही है, आयोजको ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम बाईखेड़ा मां गंगा पूठ रोड लाल कुआं आश्रम पर क्षेत्र की जनता के सहयोग से नवनिर्मित विशाल मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी की विशाल मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है जिसके तहत कार्यक्रम 29 जनवरी से प्रारंभ हो जाएंगे जिसमें 29 जनवरी 2025 से 1 फरवरी 2025 तक नगर के शिवाला मंदिर पर बेदी पूजन क्षेत्र संस्कार कार्यक्रम आयोजित है तथा 1 फरवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से कलश यात्रा व मूर्तियों को नगर भ्रमण शिवाला मंदिर से कराया जाएगा वहीं 2 फरवरी रविवार को लाल कुआं आश्रम पर मूर्तियों का भव्य श्रृंगार 7 बजे, हवन 8 बजे, प्राण प्रतिष्ठा 10 बजे एवं कन्या/ ब्राह्मण पूजन 11 बजे तथा संकीर्तन और प्रसादम भंडारा 12 बजे से प्रारंभ होगा ' आयोजकों ने क्षेत्र की समस्त सनातन धर्मी जनता से अधिक से अधिक संख्या में कलश यात्रा मूर्ति भ्रमण 1 फरवरी को शिवाला मंदिर पर पहुंच कर सम्मिलित होने व 2 फरवरी को लाल कुआं आश्रम पर पहुंचने की अपील की है।

### सीसीटीवी फुटेज और टोपोग्राफी के आधार पर होगी मौनी अमावस्या हादसे की सघन जांच



**महाकुम्भनगर, 31 जनवरी :** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या स्नान पर हुए हादसे की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने अपनी कार्यवाही तेज कर दी है। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने शुक्रवार को प्रयागराज में अधिकारियों के साथ पहली बैठक की। बैठक के बाद आयोग ने संगम नोज के निकट घटनास्थल का निरीक्षण भी किया। जांच आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार ने कहा कि घटनास्थल की टोपोग्राफी और परिस्थितियों का अध्ययन किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों का गहराई से विश्लेषण किया जाएगा। बता दें कि प्रयागराज महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के मौके पर स्नान के लिए उमड़ी भीड़ में भगदड़ की स्थिति बन गई, जिसमें 30 लोगों की मौत हो गई थी और 60 अन्य घायल हो गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे की जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया था। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति हर्ष कुमार की अध्यक्षता वाले इस आयोग में सेवानिवृत्त आईएएस अफसर डी. के. सिंह और सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी वी. के. गुप्ता भी शामिल हैं। आयोग को अपने गठन के एक महीने के अंदर मामले की जांच रिपोर्ट देनी होगी। इस सिलसिले में जारी अधिसूचना के मुताबिक आयोग भगदड़ के कारणों और परिस्थितियों की जांच करेगा। साथ ही भविष्य में ऐसी घटना की पुनरावृत्ति रोकने के सिलसिले में सुझाव भी देगा।

## चिरंजीलाल कॉलेज ऑफ एजूकेशन डगरोली के स्वयंसेवकों ने वाहन चालकों को किया जागरूक

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** शुक्रवार को चिरंजीलाल कॉलेज आफ एजूकेशन डगरोली मे महात्मा ज्योतिवा फुले रोहिलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के राष्ट्रीय सेवा योजना विभाग के दिशा-निदेर्शानुसार 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज मे संदर्भित विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार मे मुख्य वक्ता के रूप मे शिक्षाविद एवं समाजसेवी ब्रहमदत्त त्यागी ने विद्यार्थियो से अपील की कि जीवन स्वयं के अलावा घर-परिवार और सम्बंधियो की भी अमानत है। हर एक व्यक्ति अनेकानेक लोगो की जरूरत होता है। एक व्यक्ति के चोटिल होने अपंग या कैजुअलटी होने पर धन तन मन के अलावा परिवार समाज और सरकार भी प्रभावित होती है। सड़क पर नियमो की अनदेखी या लापरवाही करने पर आये दिन दुखद दुर्घटनाए देखने को मिलती है। तेज स्पीड स्टंट करना गलत ओवरटेक लाइटो का सही स्तेमाल न करना हेलमंद न पहनना सही समयानुसार गाडियो की सर्विस न कराना । अंधेरे मे अनुमान से गाडी चलाना सिंगल सडको पर तेजी से उतरना चढना रेत बालू गिट्टी कीचड पानी पर तेजी से चलना नशे मे चलना ड्राइविंग के समय मोबाइल पर रहना या किसी से बाते करना आदि के कारण सड़क दुर्घटनाए होती है। विशेषकर बाइको कारो ट्रैक्टरो ट्रको ई रिक्शा चालक को विशेष सावधानीपूर्वक चलना चाहिए। हार्न भी अनावश्यक रूप से नही बजाना चाहिए। स्वयंसेवको ने रुखालू तीसरा मील मार्ग पर वाहन चालको को इस संबंध मे फूल देकर जागरूक किया। इस अभियान का शुभारंभ निदेशक पुनीत अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## प्राथमिक विद्यालय से हजारों रुपए के माल पर चोरों ने किया हाथ साफ, शिक्षकों में भारी रोष

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा**



**हसनपुर।** अज्ञात चोरों ने बीती रात शिक्षा के मंदिर में फिर से चोरी को अंजाम देकर पुलिस को चुनौती दी है, बता ते चले कि क्षेत्र के ग्राम गांगटकोला स्थित प्राथमिक विद्यालय में बीती रात्रि अज्ञात चोरों ने रसोई घर के ताले तोड़कर भारी मात्रा में सामान चोरी कर लिया जिसमें दो गैस के सिलेंडर, 50 किलो चावल 50 किलो गेहूं तथा 5 लीटर का प्रेशर कुकर भगोना 15 थाली एवं अग्निशमन यंत्र को भी चुरा लिया, जिसकी सूचना पुलिस को दे दी गई है, इस संबंध में चोरी की घटना सुबह इंचार्ज अध्यापिका शालू तंवर के विद्यालय खोलने पर रसोई घर के ताले टूटे होने तथा देखने पर मिली जिसकी सूचना उन्होंने 112 नंबर पुलिस को, खंड शिक्षा अधिकारी को तथा ग्राम प्रधान व अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं को दी इसके बाद मौके पर पुलिस सहित अन्य लोग पहुंच गए वही, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल नागर के नेतृत्व में दर्जनो शिक्षकों ने शुक्रवार को कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह से मुलाकात कर जल्द चोरी के खुलासे की मांग की है, बताते चलें कि इससे पूर्व भी कोतवाली क्षेत्र के गांव पिपलोती खुर्द में चोरों ने लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ किया था जिस का पुलिस ने चौथे दिन ही सफल खुलासा कर दिया था, वहीं शिक्षकों की मांग है कि यदि जल्दी चोरी का खुलासा नहीं हुआ तो शिक्षक आंदोलन करने को वाद्य होंगे, प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव नगर ने बताया कि चोर विशेष तौर पर प्राथमिक विद्यालयों को ही निशाना बना रहे हैं जिससे शिक्षकों में डर माहौल है, इस मौके पर मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष यशपाल नागर, गंगेश्वरी ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरव नागर, इंचार्ज अध्यापिका शालू तंवर, रश्मि नागर, रणवीर सिंह, रघुवीर सिंह, सुधा रानी आदि सहित दर्जनों शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## संदिग्ध हालत में तेंदुए का मिला शव, मौत का कारण स्पष्ट नहीं।

### सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने तेंदुए का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

**संवाददाता मंजीत शर्मा**





**पीलीभीत पूरनपुर।** संदिग्ध हालत में गांव के नजदीक तेंदुए का शव मिलने से मची खलबली,जानकारी लगने के बाद क्षेत्रीय ग्रामीण पहुंच गए।सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों ने तेंदुए का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।पिछले कुछ दिनों से वन्यजीवों की इस क्षेत्र में चहल कदमी देखी जा रही थी। एक दिन पूर्व गुरुवार को नजीरगंज से लगभग 3 किमी की दूरी पर ग्राम पंचायत पंजाबा के पास बाघ को देखा गया था। दूसरे दिन सुबह शुक्रवार को नजीरगंज गांव के नजदीक तेंदुए का शव संदिग्ध हालत में मिला।गस्त का दावा करने वाले पीटीआर और सामाजिक वानिकी के जिम्मेदारो की घटना ने पोल उजागर की है।पीलीभीत टाइगर की सीमा खुली होने से वन्य जीव आबादी और खेतों की तरफ घूमते देखे जा रहे हैं। आखिर जिम्मेदार ठोस कदम नहीं उठा पा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों में काफी दहशत है पूरनपुर तहसील क्षेत्र के थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के आधा दर्जन गांव के किनारे बाघ और तेंदुए की चहलकदमी देखी गई है।शुक्रवार नजीरगंज से पजाबा मार्ग पर एक खाली पड़े मकान के बाहर संदिग्ध हालत में तेंदुए का शव मिला है।घटना को लेकर हलचल मच गई।सूचना मिलने के बाद पहुंचे वनकर्मियों ने तेंदुए का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वन्य जीव की मौत कैसे हुई अभी इसके बारे में कोई सुराग नहीं मिला है,पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होने की बात कही जा रही है।एक दिन पहले घटना के इर्द-गिर्द तेंदुए को देखा गया था,विभागीय अफसर पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटे हुए हैं।हालांकि जिस स्थान पर तेंदुए का शव मिला है,वह शाहजहांपुर जनपद के खुटार रेंज के अंतर्गत आता है।पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने बताया घटना स्थल शाहजहांपुर जनपद की खुटार रेंज का है। वहीं से कार्रवाई होगी,मृत तेंदुआ नर है। मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है जल्द ही मौत का कारण स्पष्ट हो जाएगा।

## योगी जी की व्यवस्था 'सुपर से भी ऊपर', पुलिसवाले कर रहे पूरी मदद

**महाकुम्भ नगर, 31 जनवरी।** प्रयागराज महाकुम्भ 2025 में देशभर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं की खुलकर सराहना की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में महाकुम्भ नगरी में सफाई, सुरक्षा और अन्य सुविधाओं का ऐसा प्रबंधन किया गया है कि श्रद्धालु न केवल प्रसन्न हैं, बल्कि सरकार की भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे हैं। श्रद्धालुओं ने इस बार की व्यवस्था को 'सुपर से भी ऊपर' बताया है। साथ ही व्यवस्था में लगे सुरक्षाकर्मियों के व्यवहार की भी जमकर तारीफ की। देश के अलग-अलग हिस्सों से आए श्रद्धालुओं ने सरकार द्वारा किए गए इंतजामों की तारीफ करते हुए बताया कि इस बार की व्यवस्थाएं पहले के मुकाबले कहीं अधिक सुदृढ़ और सुव्यवस्थित हैं। खासकर सुरक्षा बलों और पुलिस प्रशासन का रवैया श्रद्धालुओं के प्रति अत्यंत सहयोगात्मक है।

**श्रद्धालुओं ने की व्यवस्थाओं की सराहना**

इंदौर की श्रद्धालु नीलू ने कहा कि योगी जी की मेहनत यहां साफ झलक रही है। पूरी व्यवस्था बहुत शानदार है, जिससे हमें किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो रही है। जयपुर की शकुंतला शर्मा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मोदी-योगी की जोड़ी ने बेहतरीन काम किया है। व्यवस्था सुपर से भी ऊपर है। स्नान के दौरान किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हुई। सरकार की ओर से की गई व्यवस्थाएं काबिले-तारीफ हैं।

**सुगम यातायात और स्वच्छता से श्रद्धालु संतुष्ट**

जयपुर की ही अलका शर्मा ने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि 20-25 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है, लेकिन ऐसा कुछ नहीं है। यहां हर जगह सुरक्षाकर्मी तैनात हैं, जो हर संभव मदद कर रहे हैं। थोड़ी-थोड़ी दूर पर ई-रिक्शा की भी व्यवस्था है। वहीं, राजस्थान की कंचन ने कहा कि महाकुम्भ में सफाई, सुरक्षा और यातायात की जो व्यवस्था की गई है, वह वास्तव में उम्दा है। सरकार ने सभी पहलुओं पर ध्यान दिया है।

## सोशल मीडिया पर वायरल चंद लोगों से इतर भी महाकुंभ

**महाकुंभ नगर, 31 जनवरी।** अपनी कुछ खूबियों के कारण सोशल मीडिया पर वायरल चंद लोगों से इतर भी महाकुंभ है। वही महाकुंभ असली और स्थाई है। वही अनादि काल से चली आ रही अपनी परंपरा भी है। इस असली वाले महाकुंभ में वे 10 लाख कल्पवासी हैं जो हर रोज तड़के स्नान करने के बाद पूरा समय जप और सत्संग में बिताते हैं। इसमें साधु-संतों के वे अखाड़े या शिविर हैं जिनमें लगातार धर्म, अध्यात्म, योग आदि विषयों पर लगातार प्रवचन चल रहा है। उनमें हो रहे मंत्रोच्चार की मधुर धुन से ऊर्जा मिल रही है। जो अनवरत लोगों के लिए लंगर चला रहे हैं।

असली महाकुंभ का यही असली अमृत है, जो लगातार बरस रहा है। छकने वाले इसे पूरे मन से छक भी रहे हैं। वायरल होना तो वायरल बुखार की तरह है, जो कुछ दिनों में उतर जाएगा। लगभग उतर भी चुका है।

**सत्संग का असर स्थाई होता है**

संगम में पुण्य की डुबकी के बाद संतों के सान्निध्य में किए गए सत्संग का असर तो स्थाई होगा। रामचरितमानस में तुलसीदास ने भी कई जगहों पर सत्संग की महिमा और महत्ता का वर्णन किया है। एक जगह वह कहते हैं,"बिनु सत्संग विवेक न होई, राम कृपा बिनु सुलभ न सोई"। सत्संग की महिमा का वर्णन करते हुए एक अन्य जगह पर वह कहते हैं,"सतसंगत मुद मंगल मूला। सोई फल सिधि सब साधन फूला"। आगे वह इसकी महत्ता बताते हुए कहते हैं, सत्संग से व्यक्ति में विवेक आता है। यह विवेक मोह और भ्रम को दूर करता है। इनके दूर होने से भगवान के प्रति अनुराग बढ़ जाता है। (होइ बिबेकु मोह भ्रम भागा। तब रघुनाथ चरन अनुरागा)। इस लिहाज से महाकुंभ व्यक्ति में विवेक जगाने का महापर्व भी है। खास बात ये है कि अमृतपान का ये सुअवसर सबके लिए और समान रूप से है। आप जितना चाहें, जब तक चाहें इसका लाभ उठा सकते हैं।

**जनकेंद्रित राजधर्म से महाकुंभ को उत्कृष्ट बनाने का सन्यासी सीएम का प्रयास**

एक सन्यासी योगी आदित्यनाथ, जो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी हैं, ने जनकेंद्रित राजधर्म से चीजों को और व्यवस्थित एवं सुंदर बनाने का हर संभव प्रयास किया है। उसी का नतीजा है कि देर रात अगर ऊपर से महाकुंभ नगर को देखें तो लगता है, मां गंगा के सफेद रेती के कैनवास पर किसी ने रंग-बिरंगे टेंट और जगमग रौशनी, नावों और गंगा-जमुना के अविरल जल का बतौर पेंट प्रयोग कर बेहद खूबसूरती से एक बेहद उम्दा पेंटिंग उकेर दी हो।

## महाकुम्भ आए हैरी पॉटर बोले अब जाकर जाना आखिर क्यों है भारत इतना महान



**महाकुम्भनगर, 31 जनवरी।** महाकुम्भ-2025 में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत का साक्षी बनने और इस समृद्ध विरासत की एक झलक देखने की लालसा केवल भारतीयों में ही नहीं, दुनियाभर के लोगों में है। यही कारण है कि सकल विश्व से लोग महाकुम्भ के महा आयोजन का साक्षी बनने स्वतः ही खिंचे चले आ रहे हैं। इसी क्रम में, कुछ दिनों पहले एक वीडियो वायरल होता है जिसमें एक विदेशी शख्स भंडारे से मिला खाना बड़े चाव से खाता दिखता है और लोग उसे हैरी पॉटर की संज्ञा देते हुए प्रचारित करना शुरू कर देते हैं। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियोज में हैरी पॉटर फेम यह शख्स कोई और नहीं, इटली के निकोलो ब्रुग्नारा हैं। महाकुम्भ में मिल रहे फेम का आनंद लेते हुए निकोलो महाकुम्भ, यूरोप, भारत, योग और योगी सरकार के बारे में भी कई बातें बताते हुए मुक्त कंठ से तारीफ करते हुए नहीं थकते हैं।

**कौन हैं निकोलो ब्रुग्नारा?**

निकोलो इटली की न्यूज एजेंसी द्वारा बतौर कैमेरामैन महाकुम्भ मेला कवर करने आए हैं और यहां महाकुम्भ पर बन रही एक डॉक्यूमेंटरी का भी हिस्सा हैं। वह आए तो थे महाकुम्भ की खबरें कवर करने, तस्वीरें खींचने, मगर अब खुद खबर बन गए हैं और इसका कारण सोशल मीडिया से मिल रही पॉपुलैरिटी है। लोग उनके साथ सेल्फी लेने, रील्स बनाने और इंटरैक्ट करने को बेताब हैं और निकोलो ने खुद कभी नहीं सोचा था कि अपने देश से दूर वह इस तरह फेमस हो जाएंगे।

**महाकुम्भ और भारत को लेकर कही बड़ी बात**

निकोलो ब्रुग्नारा खुद को बेहद भाग्यशाली मानते हैं कि इटली से वह महाकुम्भ की कवरेज करने आए। उनके अनुसार, एक सीमित क्षेत्र में करोड़ों लोगों का यूं जुटना, स्नान-पूजन व ध्यान करना और छिटपुट घटनाओं के इतर इतने समायोजित तरीके से पूरी प्रक्रिया का प्रबंधित होना किसी अचरज से कम नहीं है। उनके अनुसार, भारत की महानता इसी बात में है कि भारत सबको बड़े प्यार से अपना अंग बना लेता है। यहां करोड़ों लोग जिस प्रकार स्वयं जुटकर शांतिपूर्वक पूजा-अराधना कर रहे हैं यह अकल्पनीय दृष्य है। उनका मानना है कि यूरोप में तो इस तरह के दृष्य के बारे में सोचा भी नहीं जा सकता है, क्योंकि आबादी के साथ ही व्यवहार के लिहाज से भी यूरोपीय देशों के लिए इतने विशाल जनसमुद्र को समायोजित करना असंभव है।

## प्रयागराज रेलवे ने 2 दिन में 700 से अधिक ट्रेनें चलाकर श्रद्धालुओं को पहुंचाया उनके घर

**31 जनवरी, महाकुम्भनगर।** आस्था के महापर्व महाकुम्भ के सबसे अमृत स्नान मौनी अमावस्या पर्व पर 8 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। मौनी अमावस्या पर्व के दूसरे दिन भी श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में आने का क्रम जारी रहा। पर्व के दूसरे दिन भी लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र स्नान किया। करोड़ों की संख्या श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में सुरक्षित और सुगम आवागमन के लिए प्रयागराज रेल मण्डल ने पिछले दो दिनों में रिकार्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन कर 20 लाख से अधिक श्रद्धालुओं को उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया। श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए होल्डिंग एरिया और कलर कोडेड आश्रय स्थलों के माध्यमों से तीर्थयात्रियों सुरक्षित तरीके से रवाना किया गया।

**श्रद्धालुओं को प्रयागराज रेलवे ने पहुंचाया गंतव्य स्टेशन**

मौनी अमावस्या का पर्व महाकुम्भ का सबसे बड़ा स्नान पर्व माना जाता है। परंपरा अनुसार इस दिन करोड़ों की संख्या में श्रद्धालु पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने प्रयागराज आते हैं। महाकुम्भ 2025 के मौनी अमावस्या पर्व पर रिकार्ड 8 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया। यही नहीं पर्व के दूसरे दिन भी लगभग 2 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई। करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में सुरक्षित आवागमन के लिये प्रयागराज रेल मण्डल ने रिकार्ड मेला स्पेशल और नियमित ट्रेनों का संचालन किया। पर्व के दिन 29 जनवरी को शहर के सभी रेलवे स्टेशनों से रिकार्ड 400 से अधिक मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। पर्व के दूसरे दिन 30 जनवरी को भी लगभग 175 स्पेशल ट्रेनों के साथ 300 से अधिक ट्रेनें चलाई गईं। पिछले दो दिनों में प्रयागराज रेल मण्डल ने 20 लाख से अधिक लोंगो को सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशनों तक पहुंचाया।

**प्रयागराज के सभी स्टेशनों से 700 से अधिक ट्रेनों किया गया संचालन**

प्रयागराज रेल प्रशासन ने बताया कि मौनी अमावस्या पर्व और उसके दूसरे दिन मिलाकर लगभग 700 से अधिक नियमित और मेला स्पेशल ट्रेनों का सफल संचालन किया गया। इनमें से सर्वाधिक ट्रेनों का संचालन प्रयागराज जंक्शन से हुआ, इसके अलावा एनसीआर के नैनी, छिवकी, सूबेदारगंज, एन आर के प्रयाग, फाफामऊ और पूर्वोत्तर रेलवे के रामबाग और झूंसी स्टेशनों से भी मेला स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया गया। इसके साथ ही रेवले स्टेशन परिसर में सफल भीड़ प्रबंधन के लिये पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुरूप तीर्थ यात्रियों को होल्डिंग एरिया, कलर कोडेड आश्रय स्थलों और कलर टिकट के जरियों दिशावार उनकी ट्रेनों तक पहुंचाया गया। साथ ही स्टेशन परिसर में जरूरी स्वास्थ्य, पीने के पानी, शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध करवा कर तीर्थयात्रियों को सुगम और सुरक्षित उनके गंतव्य स्टेशन तक पंहुचाया गया। पर्व के दिन रेलवे प्रशासन के आला अधिकारी कंट्रोल रूम और वॉच टॉवर से भीड़ प्रबंधन की निगरानी और संचालन करते रहे।

# कैथल

## विंटर वेकेशन के तहत बांटे ई-अधिगम बोनांजा प्रोग्राम के सर्टिफिकेट



बच्चों को प्रमाण पत्र बांटते हुए।

**कैथल :** कैथल ब्लॉक में विंटर वेकेशन के तहत ई-अधिगम बोनांजा प्रोग्राम के सर्टिफिकेट बांटे गए। कैथल ब्लॉक में पांच टीचर और 10 छात्रों जो वन स्कूल ऐप पर विंटर वेकेशन में काम करके टॉप में रहे, उन्हें सर्टिफिकेट वितरण किया गया। इस मौके पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. नरेश कुमार, ब्लॉक संसाधन समन्वयक संजय शर्मा, गवर्नमेंट सीनियर सैकेंडरी बुडा खेड़ा के प्रिंसिपल अश्वनी कुमार, कैथल ब्लॉक नोडल करण सैनी और ई-अधिगम में टॉप रहे छात्र और टीचर उपस्थित थे। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ. नरेश कुमार ने सभी बच्चों को और अध्यापकों को यह स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी और सभी को प्रेरित भी किया कि अपने स्कूल में अन्य विद्यार्थियों को भी इस प्रोग्राम के तहत मोटिवेट करें तथा सरकार द्वारा जारी इस स्कीम में अधिक से अधिक योगदान दें। ब्लॉक लेवल पर पांच अध्यापक खुशीराम, रितिका, राजवीर सिंह, हुस्न कुमार और अरुण सिंह को ब्लॉक लेवल पर ई-अधिगम में काम करने के लिए सर्टिफिकेट वितरण किए गए। इसके साथ गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल बुढ़ा खेड़ा से रेनू और ज्योति, सजुमा से अंशु और सोनिया, टीक से यशिका, आरोही मॉडल गयोग ग्योंग से प्रिंस, कठवाड़ से हिमांशी, नोच से काजल और मीनाक्षी, मुंदड़ी से शमां इन बच्चों को ई-अधिगम में अच्छा काम करने के लिए सर्टिफिकेट वितरित किए गए।

## कार्यशाला में एड्स जागरूकता, बचाव एवं रोकथाम की दी जानकारी




एचआईवी एड्स जागरूकता, बचाव एवं रोकथाम की जानकारी देते हुए।

**कैथल :** सिविल सर्जन के ट्रेनिंग हॉल में जिला नोडल अधिकारी एड्स द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में आरकेएसडी कॉलेज के रेड रिबन क्लब के दो नोडल अधिकारी डॉ. वीरेंद्र सिंह एवं डॉ. विनोद कुमार तथा छह पीयर एजुकेटर क्लब के छात्र सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस कार्यशाला में एचआईवी एड्स जागरूकता, बचाव एवं रोकथाम से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां सांझा की गई। प्रशिक्षकों ने एड्स के कारणों, लक्षणों, बचाव के उपायों तथा इससे जुड़े सामाजिक मिथकों को दूर करने पर विशेष जोर दिया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज में इसके प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एड्स संबंधी सही जानकारी देना और उन्हें जागरूकता अभियान से जोड़ना था ताकि वे समाज में इस विषय पर प्रभावी भूमिका निभा सकें। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों ने इस जानकारी को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कार्यक्रम अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की।

## एमटीजी कार्यक्रम में दी किलकारी योजना की जानकारी



महिलाओं को किलकारी कॉल की जानकारी देते हुए सुमन कश्यप।

**कैथल :** गांव भैणी माजरा में एमटीजी के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीएचएसएनसी कमेटी के सदस्यों ने भाग लिया। राजकीय स्कूल की अध्यापिका सवीना, एएनएम सुषमा, महिला पंच, आशा फैसिलेटर सुमन कश्यप व आशा वर्कर कृष्णा ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। वीएचएसएनसी के सभी सदस्यों में गर्भवती महिलाओं को किलकारी योजना के बारे में जानकारी दी। मीटिंग में आई हुई गर्भवती महिलाओं से जब किलकारी कॉल के बारे में बात की गई तो एक महिला गीता ने बताया कि हम इस कॉल को फ्रॉड कॉल समझ कर काट देती थी लेकिन जब से आशा वर्कर कृष्णा ने हमें खुद सामने बैठकर कॉल सुनाई तब हमें पता चला कि यह कॉल सही है। अब हम सभी कॉल सुनते हैं और परिवार में जो भी गर्भवती महिलाएं हैं उनको भी सुनते हैं। उन्होंने कहा कि कॉल सुनने से बहुत जानकारी बढ़ती है। इस मौके पर अनामिका, गीता, सोनिया, काजल, कोमल, सुदेश, रितु, स्नेह और नेहा भी उपस्थित।

## रवीना और दीप्ति ने राज्य स्तरीय पोस्टर मेकिंग में पाया प्रथम व तृतीय स्थान



छात्राओं को सम्मानित करते हुए आरबी खुरानिया।

**कैथल :** इंदिरा गांधी पीजी महिला महाविद्यालय कैथल की कमर्शियल आर्ट विभाग की छात्रा रवीना और दीप्ति ने राज्य स्तरीय ऑन लाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में क्रमश प्रथम व तृतीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज को गौरवांवित किया। प्राचार्य डॉक्टर आरती गर्ग ने बताया कि केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमंस, फरीदाबाद के मैथ्सकीटर्स क्लब द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय ऑनलाइन पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें आईजी कॉलेज की बीए तृतीय वर्ष की छात्रा रवीना ने प्रथम स्थान व ई-सर्टिफिकेट प्राप्त किया। साथ ही बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा दीप्ति ने तीसरा स्थान व ई-सर्टिफिकेट प्राप्त किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के प्रधान राम बहादुर खुरानिया ने छात्राओं की प्रशंसा की और पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर स्टाफ सदस्यों में से प्रो. साक्षी और प्रो. अरुणा उपस्थित रहे।

## गन्नौर में ट्यूबवैलों की 450 फीट बिजली की तार चोरी

**गन्नौर:** गन्नौर क्षेत्र के दो गांवों में ट्यूबवेलों से 450 फीट बिजली की तार चोरी होने के मामले सामने आए हैं। थाना गन्नौर पुलिस ने किसानों की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बजाना कला गांव के किसान रणबीर ने बताया कि मंगलवार को उन्होंने अपने ट्यूबवेल की बिजली की तार सही-सलामत छोड़ी थी, लेकिन अगली सुबह करीब 85 फीट डोरी गायब मिली। आसपास के ट्यूबवेल देखने पर पता चला किकिसान राजबीर की 40 फीट तार चोरी हो चुकी थी। इसी तरह, मोई गांव के किसान सुरजीत ने बताया कि उनके ट्यूबवेल समेत आठ किसानों के ट्यूबवेलों से 325 फीट बिजली की तार चोरी हो गई। किसानों ने जल्द चोरों की गिरफ्तारी की मांग की है।

## पांच गांवों का धन्यवादी दौरा, समस्याएं सुनीं

# छपरा खेड़ा में गलियों, रसूलपुर खुर्द में हॉल व फिरनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास

›› गरीबों का दर्द समझते हैं पीएम-सीएमः कल्याण
›› बोले-सरकार की सोच हर वर्ग के कल्याण की



**करनाल सुखविंदर सोही**

**हरियाणा।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने आज घरौंडा विधानसभा क्षेत्र के 5 गांवों का धन्यवादी दौरा किया। लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिये। उन्होंने छपरा खेड़ा में गलियों के निर्माण कार्य तथा रसूलपुर खुर्द में हॉल और फिरनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की सोच हर वर्ग के कल्याण की है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री गरीब परिवारों से निकले हैं। वे गरीबों का दर्द समझते हैं। सरकार का प्रयास है कि समाज के निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी सरकारी योजनाओं का लाभ मिले। श्री कल्याण ने आज अभिनंदन एवं जन समस्या सुनवाई कार्यक्रम की श्रृंखला के तहत आज घरौंडा हलका के गांव कलवेहड़ी, छपरा जागीर, छपरा खेड़ा, रसूलपुर खुर्द और रसूलपुर का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं सुन उनके निपटारे के लिये संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने छपरा खेड़ा में 20 लाख की लागत से बनने वाली बीपीएल कॉलोनी की गलियों, रसूलपुर खुर्द में 20 लाख से एससी चौपाल में हॉल और 35 लाख की लागत से बनने वाली फिरनी के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों ने जीवन में बहुत संघर्ष किया। वे गरीब परिवारों से निकले हैं और गरीबों का दर्द समझते हैं। इसी कारण सबका साथ-सबका विकास के नारे के साथ हर वर्ग के कल्याण के लिये नीतियां बनाकर अमल में लाई गईं।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत 35 प्रतिशत सब्सिडी का लाभ उठाएं: उत्तम सिंह

### खाद्य प्रसंस्करण इकाई की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं इच्छुक उद्यमी



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की एक विशेष पहल, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 प्रतिशत तक सब्सिडी का लाभ प्रदान किया जा रहा है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, साझेदारी फर्म, और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं। उद्यमी को प्रमाण पत्र और पंजीकरण की आवश्यकता होगी। अन्य योजनाओं के लाभार्थी भी पीएमएफएमई योजना के लिए पात्र हैं। उन्होंने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों के लिए ऋण पूर्ति पर 35 प्रतिशत पूंजीगत सब्सिडी प्रदान की जाएगी। अधिकतम सब्सिडी सीमा 10 लाख रुपये तक है। इच्छुक उद्यमी योजना की विस्तृत जानकारी और आवेदन प्रक्रिया के लिए ईमेल pmfme.haryana@gmail.com या संपर्क नंबर 0172-2996509 पर संपर्क कर सकते हैं।

# विद्यार्थी व युवा मिलकर शहर में लाएं स्वच्छता की क्रांति, स्मार्ट सिटी को बनाएं स्वच्छ सिटी- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

## विद्यार्थियों ने निगमायुक्त से किया वादा- करनाल शहर को बनाएंगे देश की सबसे ब्यूटिफुल सिटी।



**करनाल सुखविंदर सोही**

**करनाल।** नगर निगम करनाल ने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की ठानी हैं। इसे लेकर अनेक प्रकार की गतिविधियां चलाई जा रही हैं। इसी क्रम में नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन-शहरी टीम ने सेंट थेरेसा कॉंवेंट स्कूल में प्रशिक्षण सेमिनार आयोजित किया। इसके तहत विद्यार्थियों व स्कूली स्टाफ को कचरा पृथ्थकरण, घर से ही गीला व सूखा कचरा अलग-अलग करना, कचरे को डस्टबिन या कचरा संग्रहण वाहनों में डालना, गंदगी न करना, पांच प्रकार के डस्टबिन तथा अपने परिवार व आस-पास के लोगों को किस प्रकार स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अपने सम्बोधन में विद्यार्थियों को करनाल शहर को स्मार्ट सिटी के साथ-साथ स्वच्छ सिटी बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आओ हम सब मिलकर शहर में स्वच्छता की क्रांति लाएं, ताकि हमारे शहर का नाम देश के स्वच्छ शहरों में शुमार हो सके। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की थी। इसके परिणाम स्वरूप आज देश ने स्वच्छता की नई ऊंचाईयों को छुआ है और दुनिया का हमारे देश के प्रति देखने का नजरिया बदला है। उन्होंने विद्यार्थियों, अध्यापकों व स्टाफ से अपील करते कहा कि सभी अपने घर से ही स्वच्छता की शुरूआत करेंगे।

## पूंडरी में सीसी से होगा चार मुख्य मार्गों का निर्माण



विधायक का स्वागत करते हुए।

पूंडरी, जनवरी : विधायक सतपाल जांबा ने बताया कि पूंडरी में चार मुख्य मार्गों का सीसी से निर्माण करवाया जाएगा। इसके अलावा एक स्टेट हाईवे की विशेष मरम्मत करवाई जाएगी। सरकार से इसकी अनुमति मिल गई है। आगामी तकनीकी कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को लिखा जा चुका है। इनमें कैथल से करनाल पूंडरी शहर में इंडोर स्टेडियम के सामने, स्टेट हाइवे से गांव जांबा तक, ढांड कैथल से पिहोवा लिंक रोड तक, आहलुवालिया चौक पूंडरी से देवी मंदिर फतेहपुर तक सडकों का निर्माण कंकरीट सीमेंट से करवाया जाएगा। वहीं स्टेट हाइवे पर बस्थली झाल से मूंदड़ी नहर तक विशेष मुरम्मत के कार्य की सरकार से मंजूरी मिल गई है। इसके लिए विभाग तकनीकी कार्य करने के बाद काम शुरू करवाएगा। इसी प्रकार पूंडरी से पिहोवा वाया ढांड, ढांड से कौल, पूंडरी से राजौंद, पूंडरी से सिरसल, कौल से नीलोखेड़ी, बरसाना से बाकल, कैथल से कुरुक्षेत्र वाया ढांड, ढांड से करनाल वाया कौल तथा सिरसल से असंध रोड को फोरलेन बनाने को लेकर सरकार से अनुमति मिल गई है। साथ ही पूंडरी क्षेत्र के कई रोड पर लाइट लगाने को लेकर भी सरकार से अनुमति मिल गई है। इन सड़कों में कैथल से कुरूक्षेत्र वाया ढांड, ढांड से करनाल वाया कौल, सिरसल से असंध, बरसाना से बाकल, कौल से नीलोखेड़ी, पूंडरी से सिरसल, पूंडरी से राजौंद, ढांड से कौल तथा पूंडरी से पेहवा वाया ढांड रोड शामिल है।

## तरावड़ी स्थित प्रताप पब्लिक स्कूल में हाल ही में शहीद दिवस मनाया गया




**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** तरावड़ी स्थित प्रताप पब्लिक स्कूल में हाल ही में शहीद दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम के ऐतिहासिक दांडी मार्च पर एक प्रभावशाली नाट्य प्रस्तुति की गई, जिसे कक्षा श्क्क-अ के छात्रों ने प्रस्तुत किया। छात्रों ने अपने शानदार अभिनय से इस ऐतिहासिक घटना को जीवंत कर दिया, जिससे दर्शकों को स्वतंत्रता संग्राम के महत्व और महात्मा गांधी के संघर्ष को समझने का अवसर मिला। उनकी प्रस्तुति न केवल रोचक बल्कि शिक्षाप्रद भी रही। इस मौके पर निर्देशिका पिथी चौधरी ने भी छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उनके समर्पण को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए। प्रधानाचार्य विकास कुमार ने भी छात्रों की शानदार प्रस्तुति की प्रशंसा की और उन्हें समाज के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय द्वारा इस प्रकार के आयोजनों से छात्रों में देशभक्ति की भावना को प्रबल करने का प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

## अवैध हथियार सहित एक आरोपी गिरफतार, 315 बोर अवैध देशी पिस्तौल बरामद



**करनाल बीटू संधू**

**करनाल।** बिती शाम जिला पुलिस की थाना निसिंग टीम द्वारा गुप्त सुचना के आधार पर गोंदर रोड़ ड्रेन रकबा निंसिग के क्षेत्र में नाकाबंदी करके एक आरोपी..... रिन्कु पुत्र ओमप्रकाश निवासी पीर वाली गली, निंसिग, करनाल को गिरफतार किया गया। अनुसंधान अधिकारी मुख्य सिपाही पवन कुमार ने बताया की उक्त आरोपी के कब्जे से एक अवैध पिस्तौल 315 बोर बरामद हुई, जिसपर उसके खिलाफ थाना निसिंग में शस्त्र अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को आज माननीय अदालत के सामने पेश किया गया, जहां से उसे न्यायीक हिरासत में भेज दिया गया।

# सचिवालय के पास फ्लाई ओवर बनाने के विरोध में एकजुट हुए शहरवासी

### बोले : एलिवेटेड ट्रैक नहीं बना तो बहुतों को होगी परेशानी



ज्ञापन देते हुए कालोनीवासी।

कैथल, जनवरी : लघु सचिवालय के पास रेलवे फाटक पर फ्लाई ओवर बनाने के विरोध में शहर की दर्जनों कालोनियों के लोगों ने एकत्रित होकर इसका विरोध किया। इससे पूर्व उन्होंने अपनी मांगों का एक ज्ञापन डीसी प्रीति को भी सौंपा। इस संदर्भ में हनुमान वाटिका के पास एक होटल में कालोनियों के लोगों ने एकत्रित होकर एक बैठक की। बैठक में इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, सांसद नवीन जिंदल व मनोहर लाल से मिलने की बात पर चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मा. रघुवीर सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल इस रेलवे फाटक पर एलिवेटिड ट्रैक बनाने की अपने कार्यकाल में 5 बार घोषणाएं कर चुके हैं। मनोहर लाल से पीडब्ल्यूडी विभाग व रेलवे विभाग के अधिकारियों की बैठक भी इस संदर्भ में हो चुकी है।

पिछले दिनों रेलवे के उच्च अधिकारियों ने कैथल में एलिवेटेड ट्रैक बनाने की बात भी मनोहर लाल के समक्ष कही थी। रमन सचदेवा, जितेन्द्र सचदेवा, महेन्द्र, कर्मवीर, रेल यात्री कल्याण समिति के प्रधान बलवान जटान, वरिष्ठद्द उपप्रधान लाजपतराय सिंगला, विक्रम बंसल आदि का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के कुछ अधिकारी इस मुद्दे को लेकर उच्च अधिकारियों को गुमराह कर रहे हैं। सही बात यह है कि उन अधिकारियों को वास्तविक ज्ञान नहीं है। मा. रघुवीर सिंह ने बताया कि जब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कुरूक्षेत्र लोकसभा से सांसद थे तो उन्होंने भी इस रेलवे एलिवेटेड ट्रैक बनाने की उनकी मांग में उनका सहयोग किया था। उन्होंने कैथल के लोगों के सामने स्वयं कहा कि था कि अब यहां ओवरब्रिज नहीं बल्कि एलिवेटिड ट्रैक बनेगा।

## पूर्व विधायक ने किया वरिष्ठ नागरिक भवन निर्माण कार्य का निरीक्षण



वरिष्ठ नागरिक भवन का निरीक्षण करते हुए लीला राम।

### कहा : भाजपा सरकार ने जो वादे किए है वे सभी पूरे किए जाएंगे

**वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष सुविधाएं**

**इस** सीनियर सिटीजन भवन में आधुनिक सुविधाओं का प्रावधान किया जा रहा है। यहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए विश्राम कक्ष, बैठक हॉल, पुस्तकालय, स्वास्थ्य जांच केंद्र, योग कक्ष और मनोरंजन सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। लीलाराम ने कहा कि बुजुर्गो के लिए यह भवन सामाजिक मेल-जोल और स्वास्थ्य जागरूकता का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग समाज की धरोहर हैं। उनका सम्मान और देखभाल हमारी जिम्मेदारी है। यह भवन उनके लिए एक ऐसा स्थान बनेगा जहां वे आराम से समय बिता सकें, स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठा सकें और समाज के अन्य वरिष्ठ नागरिकों से संवाद स्थापित कर सकें। पूर्व विधायक ने कहा कि कैथल में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत भी कई कार्य किए जा रहे हैं। जल्द ही शहर में नई सडकें, पार्क, स्ट्रीट लाइट और अन्य सार्वजनिक सुविधाओं का निर्माण पूरा किया जाएगा।

कैथल, जनवरी : पूर्व विधायक लीला राम ने शहर में निमार्णाधीन सीनियर सिटीजन भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को इसे निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। यह भवन 25 लाख रुपये की लागत से तैयार हो रहा है और इसके पूरा होने से क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को एक सुविधाजनक स्थान उपलब्ध होगा जहां वे सामाजिक, सांस्कृतिक और स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। यह भवन न केवल उनके लिए सुविधाजनक स्थान प्रदान करेगा बल्कि उन्हें समाज से जुड? का अवसर भी देगा। भाजपा सरकार के इस कदम से जनता में खुशी का माहौल है और लोग उम्मीद कर रहे हैं कि आने वाले समय में भी सरकार इसी तरह विकास कार्यों को प्राथमिकता देती रहेगी। निरीक्षण के बाद लीला राम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में सरकार द्वारा किए गए सभी वादे पूरे किए जा रहे हैं।

## जमीन की खरीद-फरोख्त में लाखों की ठगी के मामले में 2 गिरफ्तार

कैथल, जनवरी : जमीन की खरीद-फरोख्त में लाखों रुपए की ठगी करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एएसआई दलबीर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी अग्रसेन कॉलोनी जींद रोड कैथल निवासी यशपाल गर्ग तथा हुडा सेक्टर 20 कैथल निवासी आशीष सिंगला को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 20 कैथल निवासी वरुण देव की शिकायत के अनुसार यशपाल गर्ग व आशीष सिंगला ने उसे व उसके भाई सुभाष चंद मित्तल को पुरानी सब्जी मंडी कैथल में दो दुकान 42 वर्ग गज खरीदने के लिए उकसाया। वे आरोपियों की बात को सही मानते हुए उस समय दो दुकान लेने को राजी हो गए। आरोपियों ने उनसे 42 लाख रुपये ले लिए। एक जुलाई 2020 को रजिस्ट्री उसके व उसकी भाई की पत्नी के नाम हुई थी।

रजिस्ट्री में यशपाल विक्रेता है और आशीष सिंगला एक गवाह है लेकिन अब पता लगा जब शहरवासी किरण ने एक मुकदमा अपनी एक दुकान की मलकियत करते हुए अदालत में डाला, जो अभी लंबित है। इस संबंध में उन्होंने पंचायत की तो आरोपियों ने कहा कि वे उसे अन्य जगह जमीन दे देंगे, लेकिन वहां भी यशपाल ने धोखा किया।

# पेपर देने गई बीए की छात्रा का झाड़ियों में मिला शव

## रेप के बाद हत्या की जतायी जा रही आशंका, पुलिस ने खुलासे के लिये गठित की कई टीमें

■ उरई/एट





थाना एट क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अमीटा में एक युवती के शव मिलने की सूचना पर थाना एट पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्यवाही कर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। मृतिका की शिनाख्त कर ली गयी, मृतिका बीए की छात्रा थी, तथा पेपर देने के लिये गाँव से कालेज के लिए निकली थी,सीओ कोंच का कहना हैं कि घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीमें गठित की गयी हैं । शीघ्र ही घटना का सफल अनावरण कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जायेगी।

जानकारी के अनुसार एट क्षेत्र में बुधवार शाम से लापता बी एक छात्रा का सड़क किनारे शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। छात्रा बीते 2 वर्ष से फूफा के यहां रहकर पढ़ाई कर रही थी। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची जिन्होंने मामले की जांच करते हुए छात्रा के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही आशंका जताई जा रही है कि छात्रा की हत्या की गई हैं । घटना एट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोंच-एट स्थित ग्राम अमीटा जाने वाले लिंक रोड की की है। बताया गया है कि रूरा अड्ड़ के रहने वाली 20 वर्षीय युवती ग्राम अमीटा के रहने वाले अपने फूफा के यहां पिछले 2 साल से रहकर पढ़ाई कर रही थी। वह बी ए प्रथम वर्ष की छात्रा थी, बुधवार को वह आटा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नसीरपुर पेपर देने के लिए गई थी, लेकिन शाम तक वह घर बापिस नहीं लौटी, जिस पर उसकी परिजनों ने उसकी खोजबीन की, लेकिन छात्रा का कहीं भी पता न चलने पर इसके बारे में पुलिस को अवगत कराया। छात्रा के अचानक लापता होने पर पुलिस ने उसकी खोजबीन शुरू की, मगर रात तक कोई भी सुराग नहीं लगा।

गुरुवार सुबह जब ग्राम अमीटा के ग्रामीण खेत पर जा रहे थे, जैसे ही वह कोंच-एट को जोड़ने वाले अ्मीटा लिंक रोड पर पहुंचे, जहां उन्होंने सड़क किनारे झाड़ियां में लड़की का शव देखा तो वह दहशत में आ गए, तत्काल उन्होंने अन्य ग्रामीणों के साथ पुलिस को सूचना दी। जानकारी मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे, जहां उन्होंने लड़की की पहचान कर ली। वही जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई, साथ ही फॉरेसिंक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाने के बाद छात्र के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए के भेज दिया।

वही परिजनों ने बताया कि छात्रा ने शाम के वक्त एट से फोन किया था कि वह समोसे लेकर घर आ रही है, लेकिन उसके बाद अचानक गायब हो गई। वहीं लोगों का कहना है कि कह छात्रा शाम को एट कस्बे में दिखाई दी, साथ ही थाना प्रभारी विमलेश कुमार का कहना है फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं, साथ ही छात्रा के फोन की भी मदद ली जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

इस संबंध में परिजनों का कहना हैं कि उन्होंने समय रहते पुलिस को खबर कर दी थी, यदि पुलिस सरगर्मी से तलाश करती तो सम्भवतः यह घटना सामने न आती।परिजनों द्वारा रेप के बाद हत्या की आशंका जतायी जा रहीं है, फिलहाल परिस्थितिया इसी की ओर ईशारा कर रहीं हैं।

वही सीओ कोंच ने शव बरामदगी के बाद बताया कि शव मिलने की सूचना के बाद वह स्वयं व प्रभारी निरीक्षक एट विमलेश कुमार मौकेपर फौरेंसिक टीम के साथ पहुँचे तथा मौका मुआयना के उपरांत मौके से साक्ष्य संकलित किये गये, मामले की हर पहलू से विवेचना की जा रहीं हैं, स्थानीय ग्रामीणों का कहना हैं कि युवती शाम को अमिटा बाली स?क पर देखी गयी, थी, किन परिस्थितियों में वह घर नहीं पहुंची, इस की जाँच की जा रहीं हैं उस के लिये पुलिस की कई टीमें लगायी गयी हैं, जल्द ही घटना का अनावरण होगा, उन्होंने बताया कि मृतिका के परिजनों द्वारा वुधवार की रात 11 बजे युवती के लापता होने की सूचना दी थी, जिस पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उस की तलाश शुरू कर दी, थी।उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति स्पष्ट होंगी, कि युवती की मौत के पीछे क्या कारण रहें।

# युवती के साथ घर मे घुसकर की छेड़छाड़, पुलिस ने किया मामला दर्ज

■ कौंच

युवती के साथ घर में घुसकर छेडछाड के मामले में युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि 17 जनवरी को दोपहर उसकी बेटी घर के भीतर नहा रही थी तभी गांव का ही अनिरुद्ध पुत्र मनोहर दीवार फांद कर घर में आ गया और उसकी बेटी के साथ गंदी हरकतें करने लगा। रेप की नीयत से उसने बेटी को जमीन पर गिरा दिया और जबरदस्ती करने लगा। बेटी ने जब उसका विरोध किया और चिल्लाई तो अनिरुद्ध गालियां और जान से मारने की धमकी देता हुआ भाग गया। जाते-जाते यह भी धमकी दे गया कि उसके पास बेटी का अश्लील वीडियो है जिसे वह वायरल कर देगा। जिस समय की यह घटना है उस वक्त वह पत्नी के साथ खेतों में काम कर रहा था। बेटी ने मोबाइल पर उसे घटना के बाबत बताया तो वह घर आया जहां बेटी ने पूरा माजरा बताया। अनिरुद्ध इससे पहले भी कई बार बेटी को परेशान कर चुका है और बाइक से बेटी का पीछा करता है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी अनिरुद्ध के खिलाफ बीएनएस की संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कांग्रेसियों ने किया महात्मा गांधी को पुण्यतिथि पर याद

■ कौंच



महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें याद किया।

सरोजिनी नायडू पार्क में नगर अध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में नगर और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें नमन किया और सत्य व अहिंसा के रास्ते पर चलकर समाजसेवा करने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रयागराज कुम्भ मेला में हुए हादसे में मृतक हुए श्रद्धालुओं के प्रति शोक व्यक्त किया गया।

इस मौके पर सरिता अग्रवाल, श्रीनारायण दीक्षित, रामकिशोर पुरोहित, शमशुद्दीन सभासद, जाहिद सिद्दीकी, अनिल पटैरिया, अजय बरार, रज्जाक भाई, सुलतान, शकील मकरानी, सुधीर रावत, लालजी तिवारी, नरेंद्र राठौर, बबलू शर्मा, आवेश जाटव, आकाश पाण्डेय आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अवैध बालू परिवहन करते ओवरलोड 7 ट्रकों को पकड़ कर किया सीज

■ कालपी-उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के निर्देश पर रात में उपजिलाधिकारी सुशील सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा जोल्हूपुर मोड़ - इटौरा रोड में अवैध खनन एवं परिवहन के खिलाफ अभियान चलाया गया। इटौरा- जोल्हूपुर मोड़ रोड में चैकिंग के दौरान बिना प्रपत्रों के अवैध बालू के ओवरलोड भरे 7 ट्रको को परिवहन करते पकड़ कर सीज करने की बड़ी कार्यवाही की गई है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक 29/30 जनवरी की रात को एसडीएम सुशील कुमार सिंह, सीओ अवधेश कुमार सिंह, जिला खनिज अधिकारी जीपी दत्ता, थाना आटा पुलिस की संयुक्त टीम के साथ क्षेत्र में भ्रमण कर रहे थे। इटौरा- जोल्हूपुर की सड़क में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम ने अवैध खनन तथा ओवरलोड परिवहन के खिलाफ चैकिंग की गई। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 7 ट्रकों को परिवहन करते हुए पकड़ लिया । उपजिलाधिकारी ने पकड़े गये सभी 7 वाहनों को गल्ला मंडी कालपी के परिसर में पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया। चैकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। उपजिलाधिकारी के मुताबिक आगामी दिनों में भी लगातार चैकिंग अभियान चलाया जायेगा।

# उद्योग बन्धु व व्यापार बन्धु समिति की बैठक सम्पन्न

## उद्यमियों की समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाय: जिलाधिकारी

■ उरई



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आज विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला उद्योग बन्धु व व्यापार बन्धु समिति की बैठक में व्यापार बन्धुओं द्वारा उठाई गई समस्याओं का समाधान गुणवत्तापूर्वक करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। जनपद के औद्योगिक समस्याओं पर विचार-विमर्श के साथ-साथ योजनाओं की भी समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निराकरण करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में एक है, इसमें किसी प्रकार की शिथिलता ना बरती जाय। व्यपारियो की समस्या के निस्तारण हेतु सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के निर्देश दिए गए और व्यापारियों एवं उद्यमियों से संबंधित समस्याओं का समाधान किया गया। जिलाधिकारी ने सभी ऋृण योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए इंडियन और पाइप उद्योगों को विशेष निर्देश दिए।

बिजली विभाग को कालपी से संबंधित फीडर की समस्या शीघ्र समाधान करने के लिए बजट की मांग करने का निर्देश दिया गया। साथ ही, हैंडलूम उद्यमियों की बिजली सब्सिडी को समायोजित करने की भी दिशा में कदम उठाने को कहा गया। पीडब्ल्यूडी विभाग को एट टोल प्लाजा के पास स्थित कृष्णा कोल्ड रोड की समस्या का पैच वर्क शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही बिजली विभाग को 150 ट्यूबवेल जो एक ही फीडर से जुड़े हुए हैं, उन्हें पिरान्हा फीडर से जोड़ने के निर्देश दिए गए। गौरी ट्रेडिंग कंपनी, हरिओम मिल्क प्रोडक्ट, और अप सिड फेस 1 में तार फेंसिंग से संबंधित समस्याओं का निस्तारण किया गया। कालपी के हैंडमेड पेपर उद्यमी भोले शंकर की समस्या का भी समाधान किया गया।जिलाधिकारी ने नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी विभाग को निर्देशित किया कि वे व्यापारियों से संबंधित समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें।

उसके उपरांत उधोग बन्धु की बैठक में मौनी मन्दिर के पास स्थित सब्जी मण्डी में भीड़भाड़ की समस्या पर चर्चा की गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने राठ रोड, बजाज एजेन्सी के पास सब्जी मण्डी को स्थानांतरित करने का प्रस्ताव दिया और उक्त स्थान का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। विद्युत पोल के स्थानांतरण के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

उपायुक्त राज्य कर अमित कुमार यादव ने जानकारी कहा कि जीएसटी काउंसिल द्वारा स्वीकृत जीएसटी एमनेस्टी स्कीम 2024 के तहत व्यापारी 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के बकाया करों पर ब्याज और दंड से छूट प्राप्त कर सकते हैं। इस योजना का लाभ व्यापारी 31 मार्च 2025 तक उठा सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यापारी किसी भी समय जीएसटी कार्यालय से पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, उपायुक्त राज्य कर अमित कुमार यादव, जीएमडीसी प्रभात यादव, उद्यमी मनीष गुप्ता, कुलदीप शुक्ला, भोले शंकर, व्यापार बंधु डॉ. दिलीप सेठ और संतोष गुप्ता सहित अन्य अधिकारी व उधोग व व्यपार बन्धु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार



### 2 मिनट का मौन धारण कर वीर शहीदों को याद किया

उरई। गुरुवार को पुलिस कार्यालय उरई में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में शहीद दिवस के अवसर पर समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा 02 मिनट का मौन धारण कर वीर शहीदों को याद किया गया।

### बच्चों द्वारा ट्रैफिक सेफ्टी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया

उरई। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह' के अंतर्गत दिनांक 30.01.2025 को सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत बृज कुंवर देवी एल्ड्रिच पब्लिक स्कूल के बच्चों द्वारा ट्रैफिक सेफ्टी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया एवं एआरटीओ व प्रभारी यातायात द्वारा छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया । जिसके पश्चात छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।

### अभियोगों से सम्बन्धित कुल 7.851 कि.ग्रा. मादक पदार्थ नष्ट कराये

उरई। पुलिस अधीक्षक डा दुर्गेश कुमार की उपस्थिति में ड्रग डिस्पोजल कमेटी द्वारा एन.डी.पी.एस. एक्ट के 08 अभियोगों से सम्बन्धित कुल 7.851 कि0ग्रा0 मादक पदार्थ (अवैध गांजा, स्मैक, नशीला पाउडर कीमत करीब 03 लाख रूपये) को मेडीकल कॉलेज उरई के इन्सिनरेटर में जलाकर नष्ट किया गया।

### बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाएं बतायी

उरई। मिशन शक्ति अभियान फेज-5 के अन्तर्गत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जनपद जालौन की महिलाओं/बालिकाओं को पुलिस और सरकार की तरफ से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं आदि की जानकारी दी जा रही है ।

महिलाओं/बालिकाओं को नारी सुरक्षा/मिशन शक्ति अभियान के तहत विभिन्न हेल्प लाइन नम्बर वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102 एम्बुलेंस सेवा 108 व साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए 24 घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया जा रहा है तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, जरूरी सूचनाओं, कल्याणकारी योजनाओं एवं सुरक्षा संबंधी जानकारियों सहित बुकलेट/पैम्पलेट आदि भी वितरित किये जा रहे हैं ।

# ग्रामों में रवी की फसल सर्वे कराने में जुटे लेखपालों के कार्यों की समीक्षा

■ कालपी-उरई



शासन के निर्देशों के अनुरूप कालपी तहसील के 244 राजस्व ग्रामों में रवी की फसल के सर्वे का कार्य तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी नायब तहसीलदारों तारा शुक्ला, चंद्र मोहन शुक्ला नीलमणि सिंह की निगरानी में चलाया जा रहा है। लेखपालो के द्वारा सर्वे का जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पूरे उत्तर प्रदेश में रवी की फसल के गेहूं ,चना,मंसूर,मटर,लाही आदि अलग-अलग जिंस वार सर्वे किया जा रहा।को

नायब तहसीलदार चंद्र मोहन शुक्ला ने बताया कि 11 तारीख से सर्वे चलाया जा रहा है। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने लेखपालो से सर्वे की समीक्षा की गई।फसल के जिंस वार सर्वे का कार्य राजस्व कर्मचारियों के द्वारा कराया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के मुताबिक कदौरा ब्लाक में 45 तथा महेवा ब्लाक में 41 लेखपालों को संबंधित ग्रामों में तैनात किया गया है।उन्होंने कहा कि तहसील के समस्त ग्रामों की खेती के एक लाख नौ हजार भू खण्ड का सर्वे का कार्य युद्ध स्तर पर कराया जा रहा है। तहसीलदार शेर बहादुर सिंह, नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह के द्वारा गांव-गांव में फसलों के ई पड़ताल का कार्य का निरीक्षण किया गया है। तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी ने सभी जिम्मेदार कर्मचारियों व लेखपालों को निर्देश दिया है कि शासन की प्राथमिकताओं के तहत फसल का निर्धारित समय अवधि के अंदर पूरा किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार के हीलाहवाली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 8 मार्च को

■ उरई

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज राजीव सरन ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दिनांक 8 मार्च 2025 शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद की समस्त दीवानी न्यायालयों में किया जायेगा। जनपद न्यायाधीश श्री अचल सचदेव के दिशा-निर्देशन में इस राष्ट्रीय लोकअदालत में दीवानी, राजस्व, मोटर वाहन दुर्घटना और पारिवारिक, वैवाहिक विवाद से संबंधित मुकदमा, श्रम वाद, विद्युत एवं जल के बिल से सम्बन्धित शमनीय दण्ड वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, लघु एवं शमनीय आपराधिक वाद और धारा 138 एन.आई.एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स के मामले नियत किये जायेंगे। इनका निस्तारण परस्पर सुलह-समझौते अथवा जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर किया जायेगा। प्री-लिटिगेशन स्कीम के अन्तर्गत मोबाइल/टेलीफोन के बकाया बिल और विभिन्न बैंकों के ऐसे बकायेदारों के मामले भी नियत किये जायेंगे, जिन्होंने कई वर्षो के बाद भी बकाया बिल या बैंक ऋृण जमा नहीं किया है। ऐसे बकायेदारों को इस अवसर का लाभ अवश्य उठाना चाहिए और इस राष्ट्रीय लोकअदालत में उपस्थित होना चाहिए, जिसका आयोजन सभी के हितों को ध्यान में रखकर किया जा रहा है।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्री भर्ती में पूरी पारदर्शिता, दलालों के चक्कर में न पड़ें

**कानपुर।** जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद कानपुर नगर में ऑगनवाड़ी कार्यकत्री की भर्ती प्रि या प्रचलित है। ऑगनवाडी भर्ती प्रक्रिया आवेदक द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर किये गये आवेदनों के क्रम में ऑनलाइन मेरिट आधारित है अर्थात् भर्ती प्रि या पूरी तरह पारदर्शी व्यवस्था पर आधारित है। अतः आप किसी भी दलाल या अन्य किसी व्यक्ति के झासों में न आयें। यदि ऑगनवाड़ी भर्ती के सम्बन्ध में किसी दलाल या अन्य व्यक्ति द्वारा किसी प्रकार की धनराशि की मॉग या अन्य प्रकार का प्रलोभन दिया जाता है तो भ्रष्टाचार निवारण के मो.नं.-9454401887 पर इसकी शिकायत दर्ज करा सकते है। इसके अतिरिक्त यदि आवेदक को कोई अन्य समस्या हो, तो विकास भवन कानपुर नगर में उपस्थित होकर जिला कार्यक्रम अधिकारी से सम्पर्क कर अपनी शिकायत कर सकते हैं।

### मेन कनेक्शन लीकेज पाइपलाइन सुधारने से कई मुहल्लों में पानी की सप्लाई दुरस्त

**कालपी-उरई।** जल संस्थान के अधिशासी अभियंता सोम प्रकाश के निर्देश पर कालपी नगर की मैन पाइप लाइन के कनेक्शन के लीकेज को ठीक किया गया। पाइप लाइनों की मरम्मत हो जाने से कई मुहल्लों में पानी क पेयजल आपूर्ति व्यवस्था में सुधार हो गया।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक कि पेयजल आपूर्ति व्यवस्था के लिए कालपी के अलग-अलग मोहल्लों में जल संस्थान के नलकूपों तथा पाइप लाइनो से पानी की सप्लाई नगरीय क्षेत्र में की जाती है। विभागीय अवर अभियंता वासिद अली के द्वारा निरीक्षण के दौरान पाइपलाइन के कनेक्शन लीकेज हरीगंज मुहल्ला के कालपी देवी मंदिर के पास पाया गया।अवर अभियंता ने तत्काल विभागीय कर्मचारियों की टीम के साथ कार्य स्थल पर पहुंच कर लीकेज को ठीक करा दिया गया। फलस्वरूप मिर्जा मंडी, दमदमा, हरीगंज आदि मुहल्लों की आपूर्ति व्यवस्था चौकस हो गई।

जानकारो ने बताया कि कई स्थानों में पाइप लाइने बहुत पुरानी तथा जर्जर होने से लीकेज हो जाती हैं। जिससे हजारों लीटर पानी की बर्बादी प्रतिदिन होती हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए अवर अभियंता वासिद अली के विभिन्न स्थानों में निरीक्षण कर के पाइप लाइनों के लीकेज को दुरुस्त किया जायेगा। विभागीय अवर अभियंता ने बताया कि जिन-जिन स्थानों में पाइप लाइनों में लीकेज है। सूचना मिलने पर प्राथमिकता से ठीक किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि जल की बर्बादी न होने दे अगर किसी भी प्रकार की समस्या है तो उपभोक्ता उसकी सूचना तुरंत जलकल विभाग में दें।

## सार समाचार

### घाटे में चल रहे संस्थान बंद होंगे: दिसानायके



**कोलंबो।** श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने कहा कि देश में घाटे में चल रहे संस्थानों को बंद किया जाएगा। साथ ही कुछ संस्थानों को एक होल्डिंग कंपनी के माध्यम से शेयर बाजार से जोड़ने पर भी विचार किया जा रहा है। घाटे पर चल रहे संस्थान बजट के लिए बड़ा बोझ बन चुके हैं। उपाली मीडिया समूह के सिंहली भाषा के समाचार पत्र 'दिवैना' के अनुसार, राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके यह टिप्पणी कल दोपहर कोलंबो में आयोजित 'श्रीलंका आर्थिक शिखर सम्मेलन-2025' के संबोधन में की।

### पाक में मुठभेड़; मेजर की मौत, छह आतंकी भी मरे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली इलाके में हुई मुठभेड़ में मेजर और सिपाही की मौत हो गई। इस दौरान सुरक्षाबलों ने छह आतंकवादियों को मार गिराया। राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने मुठभेड़ में शहीद मेजर हमजा इसरार और सिपाही मोहम्मद नईम को श्रद्धांजलि अर्पित की है। जियो न्यूज ने इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के हवाले से आज प्रसारित खबर में यह जानकारी दी। यह मुठभेड़ 29-30 जनवरी की रात हुई। शहीद सुरक्षाकर्मियों की पहचान रावलपिंडी निवासी 29 वर्षीय मेजर हमजा इसरार और नसीराबाद निवासी 26 वर्षीय सिपाही मोहम्मद नईम के रूप में हुई है।

### अमेरिका में जसवंत सिंह के नाम पर होगा स्कूल




**वाशिंगटन।** अमेरिका में सेंट्रल यूनिफाइड ने नए प्राथमिक विद्यालय का नाम पंजाब के प्रसिद्ध मानव अधिकार कार्यकर्ता जसंवत खालड़ा के नाम पर रखने की मंजूरी प्रदान कर दी है। मंगलवार की रात हुई बैठक में बोर्ड ने निर्णय लिया कि शील्ड्स और ब्रॉली में स्थित विद्यालय का नाम अब जसवंत सिंह खालड़ा प्राथमिक विद्यालय रखा जाएगा। जसवंत सिंह खालड़ा इन दिनों इसलिए चर्चा में है कि उनके जीवन पर आधारित पंजाबी फिल्म बनी है। स्कूल का नाम खालड़ा के नाम पर रखने के बारे में भी पंजाबी फिल्म अभिनेता दलजीत दोसांझ ने जानकारी साझा की।

### रूस-यूक्रेन युद्ध में 20 से अधिक अमेरिकी लापता



**कीव (यूक्रेन)।** यूक्रेन और रूस के बीच छिड़ी जंग में अग्रिम मोर्चे पर डटे 20 से अधिक अमेरिकी लापता हैं। यूक्रेन के आयुक्त अर्तुर डोब्रोसेरडोव ने इसकी पुष्टि की है। पिछले छह महीनों में हताहतों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। अमेरिकी समाचार चैनल सीएनएन ने अपनी पड़ताल के बाद प्रसारित रिपोर्ट में यह दावा किया है। सीएनएन की खबर के अनुसार यूक्रेन की सेना में स्वैच्छिक रूप से शामिल पांच अमेरिकी पिछले छह माह के दौरान मारे गए पर उनके शव युद्ध के मैदान से बरामद नहीं किए जा सके।

### दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति को हिरासत में बितानी पड़ी छुट्टियां



**सियोल।** दक्षिण कोरिया में मार्शल लॉ लागू करने की अल्पकालिक घोषणा कर राजनीति और कानून के चक्रव्यूह में फंसे राष्ट्रपति यून सुक येओल को इस साल की चंद्र नववर्ष की छुट्टियां कभी नहीं भूल सकतीं। औपचारिक रूप से गिरफ्तार येओल को यह छुट्टियां राष्ट्रपति भवन में नहीं डिटेंशन सेंटर (हिरासत केंद्र) में अकेले गुजारनी पड़ीं।

---

**विद्रोहियों ने लेवल-3 फील्ड हॉस्पिटल वाले कैंप को घेर लिया है, जहां भारतीय सैनिक तैनात हैं**

# कांगो के गोमा शहर पर विद्रोहियों का कब्जा, भारतीय शांति सैनिक भी घिरे

एजेंसी, किंशासा

अफ्रीकी देश कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य (डीआरसी) के पूर्वी शहर गोमा पर एम23 विद्रोहियों का कब्जा हो चुका है। रिपोर्टों के अनुसार, इन विद्रोहियों को पड़ोसी देश रवांडा का समर्थन प्राप्त है। इस संघर्ष के बीच संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में तैनात भारतीय सेना के मेडिकल कोर के 80 अधिकारी और सैनिक फंस गए हैं। विद्रोहियों ने लेवल-3 फील्ड हॉस्पिटल वाले कैंप को घेर लिया है, जहां भारतीय सैनिक तैनात हैं। गोमा में लगातार गोलीबारी और रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड (आरपीजी) हमले हो रहे हैं, जिससे हालात बेहद तनावपूर्ण बने हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, यह हमला न केवल शांति मिशन के लिए खतरा है, बल्कि स्थानीय नागरिकों के लिए भी विनाशकारी साबित हो सकता है।

**हवाई अड्डे पर कब्जा, मदद पहुंचाना हुआ मुश्किल:** विद्रोहियों ने गोमा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी कब्जा कर लिया है, जिससे इस क्षेत्र में बाहर से किसी भी तरह की सहायता पहुंचना लगभग असंभव हो गया है। इस एयरपोर्ट का नियंत्रण खोने से संयुक्त राष्ट्र और अन्य राहत संगठनों की आपूर्ति रुक सकती है, जिससे स्थिति और खराब हो सकती है।



### अमेरिका की कड़ी प्रतिक्रिया, रवांडा को चेतावनी

अमेरिका ने इस स्थिति पर गहरी चिंता जताते हुए रवांडा को कड़ी चेतावनी दी है। वॉशिंगटन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से इस हमले को रोकने के लिए तत्काल कार्रवाई करने की अपील की है। साथ ही, अफ्रीकी संघ ने भी एम23 विद्रोहियों से कब्जे वाले इलाकों से पीछे हटने की मांग की है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने भी कांगो इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा, हमें कांगो में शांति स्थापित करने के लिए हर संभव प्रयास करना होगा। हम सभी पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील करते हैं। बतादें कि कांगो के उत्तर किवु प्रांत की राजधानी गोमा शहर, पहले से ही संघर्ष और हिंसा से जूझ रहा है। इस शहर की आबादी करीब 20 लाख है और विद्रोही तेजी से यहां अपना नियंत्रण मजबूत कर रहे हैं। झील किनारे बसे इस शहर में अब भी अलग-अलग हिस्सों में गोलीबारी और बम धमाकों की आवाजें सुनी जा रही हैं।


### कौन हैं एम23 विद्रोही

तुत्सी जनजाति के लोग एम23 विद्रोहियों के गुट का नेतृत्व करते हैं। इन विद्रोहियों को रवांडा का समर्थन प्राप्त है। इस विद्रोही गुट का गठन 30 साल पहले रवांडा में हुए नरसंहार के बाद हुआ था, जिसने कांगो को हिलाकर रख दिया था। इस नरसंहार में हुतु चरमपंथियों ने तुत्सी और उदारवादी हुतु लोगों को मार डाला था। इसके बाद कागामे के नेतृत्व वाली तुत्सी समर्थित सेनाओं ने हुतु चरमपंथियों को इलाके से खदेड़कर शांति की स्थापना की थी।

---

# महाकुंभ के आयोजन व आयोजकों पर उठते ज्वलंत प्रशन

**विनोद तकियावाला स्वतंत्र पत्रकार /स्तम्भकार**



भौतिकवादी इस युग में जहाँ प्रत्येक क्षेत्र में आज विज्ञान का तुती बोल रही है,वही वैश्विक मानचित्र के पटल पर इनदिनों एक बार फिर से भारत की चर्चा चहुँ दिशाओं हो रही है। अवसर है आस्था व आध्यात्म के अविस्मरणीय स्वर्णिम पल की।सर्व विदित रहे कि इन दिनों तीर्थराज्य की राजधानी धर्म नगरी प्रयागराज स्थित गंगा युमना व सरस्वती की पवित्र संगम स्थली पर भव्य व दिव्य महाकुम्भ का आयोजन हो रहा है। यूँ तो कुंभ चार वर्ष व महाकुंभ 12 बर्ष में लगता है।देश में सिर्फ चार जगहों पर 12 वर्ष के अंतराल में लगता है।ये चार शहर है हरिद्वार,प्रयागराज, उज्जैन और नासिक।इसी वजह से इन शहरों को कुंभनगरी कहा जाता है।जिनका उल्लेख प्राचीन हिंदू शास्त्रों व पुराणों में भी मिलता है,पौराणिक ग्रन्थ के अनुसार आदिकाल में जब समुद्र मंथन के दौरान अमृत कलश निकला था, जिसे पाने के लिए देवताओं व असुरों में होड़ मच गई थी।तब स्वंय भगवान विष्णु ने मोहिनी रूप धारण किया औरअसुरों को छलकर अमृत देवताओं को ही पिलाया था लेकिन इस दौरान कलश के अमृत की कुछ बूंदें छलककर धरती पर आ गिरी थीं। ये बूंदें हरिद्वार,प्रयागराज,उज्जैन और नासिक और इसी वजह से इन्हीं चार स्थलों महाकुंभ का आयोजन होता है। आप के मन उठना स्वामिक है कि हर 12 साल के बाद ही क्यों आता है।तो आप को बता दे कि अमृत के लिए असुरों और देवताओं के मध्य 12 दिनों का युद्ध हुआ था। मै स्पष्ट कर दूँ कि उस समय के12दिव्य आज के एक दिन 12 साल के बराबर है।इसी कारण महाकुंभ का आयोजन पूरे12साल के अंतर पर होता है।पौराणिक मान्यता के अनुसार कुंभ मेले में स्नान करने से मोक्ष मिलता है व इंसान के सारे पापों का अंत हो जाता है।एक विशेष पक्ष का मानना है कि यह महाकुंभ न केवल धार्मिक आयोजन है,बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक विविधता का अद्भुत प्रदर्शन भी है। हालाकि यथार्थ की घरातल ये सभी बातें कोपल कलपित लगती है।एक ओर तो हम पृथ्वी से इसरो चन्द्रयान 3 व आदित्या एल वन चाँद व सूर्य की तस्वीर भेज रहे हो।मै यहाँ स्पष्ट कर दुँ कि मै कोई धर्म विरोधी या नास्तिक व्यक्ति नही हूँ।आध्यात्म व धर्म आस्था व धारण की अवधारणाओ पर आधार्रित होता है।आजकल महाकुम्भ के नाम की जो ब्राण्ड,मॉकेट्रिग व विज्ञापन पोस्टर बाजी,खबरिया चैनल के माध्यम पताल भैरवी राग अलापे जा रहे है,वही दूसरी तरफ शोसल मीडिया के ओछी मानसिकता व हरकतों से कुछ लोग नाराज देख रहे है।इसका बड़ा उद्धाहरण हर्षा रिछारिया, मोनालिसा और आईआई टीन बाबा के नाम से प्रसिद्ध अभय सिंह,ये तीनों ही चेहरे महाकुंभ में ना केवल चर्चित व चर्चा में रहे बल्कि बेलगाम शोसल मीडिया के द्वारा अपने नीजी स्वार्थ सिद्धि के कारण कई चेहरों ने सोशल मीडिया पर सुर्खियां तो खुब बटोरीं टी आर पी व अपनी ब्यूबर की संख्या मिलयन में पहुंचाने के कारण इन चर्चित चेहरो को अध्यात्म व आस्था के संगम को बीच में ही छोड़कर जा चुके हैं।महाकुंभ की शुभारम्भ से ही सोशल मीडिया पर छाई हुई हर्षा रिछारिया को सबसे सुंदर साध्वी का तगमा तक दे दिया गया,लेकिन जब निरंजनी अखाड़े के रथ पर भी बैठ कर शाही सवारी करते नजर आईं तो इसे लेकर संत समाज में विवाद शुरू हो गया। कुछ संतों ने तो हर्षा के संग रथ पर बैठने और भगवा वस्त्र धारण करने पर अपनी आपत्ति तकजताई।यह मामला इतना तुल पकड़ गया है कि हर्षा रिछारिया ने रोते हुए महाकुंभ छोड़ने तक का ऐलान कर दिया।वहीं दूसरी ओर मोनालिसा भी महाकुंभ छोड़कर चली गई है।बताया जा रहा है कि ऐसा करने के लिए उसके पिता ने कहा था।मोनालिसा खूबसूरती की वजह से चर्चा में आई।सर्वविदित रहे कि इंदौर की रहने वाली मोनालिसा रुद्राक्ष की माला बेचने कर कुछ पैसे कमाने के लिए यहाँ आई थी।ताकि वहअपने परिवार के भरण पोषण में मदद करे सके,लेकिन महाकुंभ में उनकी खूबसूरती के कारण चर्चा में आ गई।जिसके कारण कुछ लोक उसकी तुलना सिनेजगत व स्वर्ग लोक की परी व कलाकारों से कर रहे हैं।वही सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में उसकी आंखों पर काफी रिएक्शन आए।मोनालिसा की बहन ने बताया कि वह तो माला बेचने आई थी,यहाँ के लोग मोनालिसा को माला बेचने नहीं देते थे और वीडियो छुप छुप के बनाते थे,इसी के चलते वह चली गई।इसी तरह आई आई टी एन बाबा के नाम से चर्चा में आए अभय सिंह ने आई आई टी बॉम्बे से पढ़ाई की थी। उनपर आरोप है कि उन्होंने गुरु के प्रति अपशब्दों का प्रयोग किया था।इसी के चलते बाबा को अखाड़ा शिविर और उसके आस- पास आने पर रोक लगा दी गई है।इस पूरे मामले को लेकर अखाड़े का कहना है कि संन्यास में अनुशासन और गुरु के प्रति समर्पण महत्वपूर्ण है।इसका पालन न करने वाला संन्यासी नहीं बन सकता है। उपरोक्त उदाहरण एक छोटा किन्तु कटु सत्य है।जिसकी अनदेखी नही की जा सकती है।कुछ लोगो ने तो महाकुंभ को आस्था व भावना से खिलवाड़ व एक राजनीतिक दल नीजी स्वार्थ से जोड़ दिया है।उनका तर्क है कि अगले वर्ष राज्य में विधान सभा के चुनाव होने वाले है,महाकुंभ के नाम सरकारी खजानों व सरकारी तंत्र व जिस तरह से पानी तरह से बहाया जा रहा है।व्यवस्था के नाम श्रद्धालुओ के लिए सुविधा के नाम सिर्फ और सिर्फ खाना पुर्ति की गई है।वह सच्चे-संत साधुओं श्रद्धाओं को कठिनाईयों का समाना करना पड़ रहा है।मौनी अमावस्या के अवसर महत्वपूर्ण के पूर्व घटित घटना ना केवल कई मासूम को जान गवाना पड़ा इसके पूर्व टेन्ट में आग लगी थी। जिसकी खबरे छन छन कर आ रही है।गोदी मीडिया अपने आकाओं की गुनगान व टी आर पी को बढ़ाने के ब्रेकिंग न्यूज देते थक नही रहें। परिणाम स्वरूप महाकुम्भ की महत्व पर कई सवाल उठाए जा रहे वही भारत जैसे विकासशील देश के लिए सिर्फ ऐसे आयोजन जहाँ करोड़ो जनता को 5 किलो अनाज के लिए लाईनों मे खडा रहना पड़ता है। शिक्षा व स्वास्थ्य व रोजगार के लिए सड़को पर आये दिनो आन्दोलन करना पड़ता हो,धर्म की आड़ में अपने चेहते की फैक्टरी चलें,एक वर्ग के मतदाताओ को रिझा - बहका कर अपने पक्ष में वोट करवा सके। महाकुंभ की महता कम सरकार व उनके चेहते पूँजीपतियों के लिए प्रचार प्रसार के संग मार्केट्रिग कर रहें। एक संत ने तो सबाल उठाते हुए यहाँ तक कह दिया कि क्या बात पुरे कुम्भ मेला क्षेत्र सिर्फ दो व्यक्तियों की फोटो लगी।वही विपक्षी दल के नेता ने कहाँ कि कुम्भ में डुबकी लगाने से महंगाई,भुखमरी व बेरोजगारी देश से समाप्त नही होने वाली है।महाकुंभ की महत्व पर उठते कई सवाल राष्ट्र व समाज के लिए सोचने को मजबुर करती है। ऐसे में महाकुंभ के आयोजन व आयोजकों पर उठते ज्वलंत प्रशन है कि क्या यह वही भारत है जिसकी कल्पना राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व आजादी के दीवाने,हमारे स्वतंत्रता सेनानी व संविधान निमाताओं की थी ,जिन्होने भारत को धर्म निरपेक्ष व लोकतांत्रिक देश बनाने की सपना देखा था।

---

**ट्रंप ने पहले कानून पर किए हस्ताक्षर**

# अवैध अप्रवासियों को हिरासत में रखने का दिया अधिकार

एजेंसी, वॉशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कानून पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह अप्रवासी निरोधी कानून 'लैकेन राइली एक्ट' है, जो चोरी, सेंधमारी आदि अपराध के आरोपियों को सुनवाई से पहले ही हिरासत में लेने का अधिकार जांच एजेंसियों को देता है। लैकेन राइली एक्ट को अमेरिकी संसद के निचले सदन और सीनेट दोनों में द्विदलीय समर्थन मिला। 20 जनवरी को राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद से यह ट्रंप का पहला कानून है, जिस पर उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं।

**अपराध में शामिल अवैध अप्रवासियों को हिरासत में रखने का आदेश:** बुधवार को लैकेन राइली इमिग्रेशन एक्ट पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने कहा, 'मैं आज जिस कानून पर हस्ताक्षर कर रहा हूं, उससे होमलैंड सुरक्षा विभाग को उन सभी अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लेना होगा, जिन्हें चोरी, सेंधमारी, चोरी, पुलिस अधिकारी पर हमला, हत्या या किसी अन्य अपराध के लिए गिरफ्तार किया गया है।' इस कानून का नाम जॉर्जिया की 22 वर्षीय नर्सिंग छात्रा लैकेन राइली के नाम पर रखा गया है, जिसकी वेनेजुएला के एक अवैध अप्रवासी ने हत्या कर दी थी। ट्रंप ने कहा, 'उस (लैकेन राइली) पर एक अवैध विदेशी गिरोह के सदस्य ने हमला किया, उसे बुरी तरह पीटा, उसके साथ क्रूरता की और उसकी हत्या कर दी, जिसे पिछली सरकार ने छोड़ दिया था।' ट्रंप ने इसे एक ऐतिहासिक कानून बताया।

अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के कुछ सांसदों के एक समूह ने अवैध आप्रवासियों और अस्थायी वीजा पर देश में रहने वाले किया है। जन्मजात नागरिकता अधिनियम 2025 नामक विधेयक प्रस्तुत करने वाले सीनेट सदस्यों लिंडसे ग्राहम, टेड क्रूज और केटी ब्रिट के अनुसार, मुख्य रूप से जन्मजात नागरिकता मिलने के कारण अवैध आप्रवासी अमेरिका आते हैं और यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका दुनिया के उन 33 देशों में से एक है जहां जन्मजात नागरिकता पर कोई प्रतिबंध नहीं है।

### डेमोक्रेट सांसद ने कानून की आलोचना की

होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा, 'यह कानून हमारी कमजोर आव्रजन प्रणाली के बेहतर करेगा। राष्ट्रपति ट्रंप के आदेश के तहत, हिंसक अपराधियों और शातिर गिरोह के सदस्यों को अब अमेरिकी समुदायों में नहीं छोड़ा जाएगा।' हालांकि डेमोक्रेटिक सीनेटर डिक डर्बिन ने इस कानून की आलोचना की और कहा कि यह अधिनियम संघीय सरकार की शक्ति को कमजोर करता है। अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने लैकेन राइली एक्ट को 263-156 मतों से और सीनेट ने 64-35 मतों से पारित किया।

---

**यूरोपीय सांसद ब्रांको ग्रिम्स ने की पुष्टि**

# एलन मस्क नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामांकित किए गए

एजेंसी, नई दिल्ली



इलेक्ट्रिक वाहन की दिग्गज कंपनी टेल्सा के सीईओ, अरबपति कारोबारी और संयुक्त राज्य अमेरिका के सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख एलन मस्क को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया गया है। यूरोपीय संसद के स्लोवेनियाई सदस्य ब्रांको ग्रिम्स ने पुष्टि की है कि 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए एलन मस्क के नामांकन के लिए एक याचिका नॉर्वेजियन नोबेल समिति को पेश की गई है। ग्रिम्स ने अपने फेसबुक पोस्ट में कहा कि यह नामांकन अभिव्यक्ति का स्वतंत्रता (फ्री स्पीच) और मानवाधिकारों की रक्षा में उनके योगदान के लिए दिया गया है। मस्क टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ हैं। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के मालिक भी हैं। सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति के बाद, अब वे नए ट्रंप प्रशासन में काफी हद तक शामिल हैं।

### मस्क ने पहले कहा था

एक्स का अधिग्रहण करते समय, मस्क ने कहा था कि वह ऐसा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए कर रहे हैं। उन्होंने उस समय फ्री स्पीच का अपना मतलब समझाया था। उन्होंने कहा था, 'फ्री स्पीच' से मेरा मतलब सिर्फ वह है जो कानून से मेल खाता हो। एलन मस्क ने कहा कि मैं ऐसी सेंसरशिप के खिलाफ हूं जो कानून से मेल नहीं खाती है। अगर लोग कम स्वतंत्र अभिव्यक्ति चाहते हैं तो वे सरकार से इस संबंध में कानून पारित करने के लिए कहेंगे। इसलिए, कानून से परे जाना लोगों की इच्छा के विपरीत है।

---

# भारत की हरी झंडी के बाद विश्व बैंक नेपाल को ऋण देने को तैयार

**काठमांडू।** नेपाल के अपार अरूण जलविद्युत परियोजना के निर्माण के लिए विश्व बैंक ने ऋण देने पर अपनी सहमति दे दी है। भारत की तरफ से विश्वबैंक को हरी झंडी मिलने के बाद 1063 मेगावाट क्षमता वाली यह हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट के निर्माण का रास्ता खुल गया है। विश्व बैंक द्वारा भारत सरकार को लिखे गए पत्र का सकारात्मक जवाब मिलने के साथ ही नेपाल की एक बड़ी हाइड्रोपावर परियोजना के निर्माण का रास्ता खुल गया है। नेपाल के ऊर्जा मंत्री दीपक खड़का ने बताया कि भारत ने विश्व बैंक के पत्र का जवाब दे दिया है, जिसके बाद विश्व बैंक की तरफ से नेपाल सरकार को इसकी औपचारिक जानकारी दे दी गई है। दरअसल, इस हाइड्रोपावर के निर्माण के बाद भारत की तरफ से यह बिजली खरीदी जाने को लेकर विश्व बैंक आश्वस्त होना चाह रहा था। भारत सरकार ने नेपाल से बिजली खरीदने के लिए यह नियम बनाया है कि वो सिर्फ भारत सरकार और भारतीय निजी कंपनियों के निवेश की ही बिजली खरीदेगा।

---

**स्टेशन के बाहरी हिस्से को साफ करने के लिए बाहर निकले**

# अतंरिक्ष में फंसीं सुनीता विलियम्स ने स्पेस में पहली बार की चहलकदमी

एजेंसी, केप कैनावेरल



अतंरिक्ष में फंसे नासा के दो अतंरिक्ष यात्रियों सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर ने साथ में पहली बार अंतरिक्ष में चहलकदमी की। दोनों लगभग आठ महीने बाद बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से बाहर निकले। भारतीय मूल की कमांडर विलियम्स और विल्मोर रखरखाव का काम करने और स्टेशन के बाहरी हिस्से को साफ करने के लिए आईएसएस से बाहर निकले थे। दोनों ही नौसेना से सेवानिवृत्त कप्तान हैं उन्होंने यह भी पक्का किया कि पृथ्वी से लॉन्च होने और वेंट के माध्यम से बाहर निकलने के बाद भी कोई जीवित सूक्ष्मजीव तो यहां बचा नहीं रह गया है। जब दोनों बाहर आए तो वे स्पेस से 420 किलोमीटर ऊपर थे। बीते साल जून में अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचने पर दोनों को उम्मीद थी कि वे महज एक हफ्ते रुकेंगे। लेकिन उनकी बिल्कुल नई सवारी बोइंग के स्टारलाइनर कैप्सूल को इतनी परेशानी का सामना करना पड़ा कि नासा ने इसे खाली ही धरती पर वापस लाने का फैसला किया।

### ट्रंप ने मस्क से मांगी मदद

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलन मस्क से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर की जल्दी वापसी को लेकर मदद मांगी है। एलन मस्क ने एक सोशल मीडिया में कहा कि भयानक है कि राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने इन दोनों को इतने लंबे समय तक अंतरिक्ष स्टेशन पर छोड़ा हुआ था, जबकि नासा ने पहले ही महीनों पहले स्पेसएक्स से इन्हें वापस लाने के लिए कहा था।

---

**पेशकश** | **फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा**

# अमेरिका को मिसाइलें लौटा दूंगा, समुद्री आक्रामकता रोकें

एजेंसी, मनीला




फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि अगर चीन विवादित दक्षिण चीन सागर में अपने 'आक्रामक और बलपूर्वक व्यवहार' को रोक देता है, तो वे फिलीपींस से अमेरिकी मिसाइल प्रणाली हटा देंगे। अमेरिकी सेना ने पिछले साल अप्रैल में उत्तरी फिलीपींस में टाइफॉन मिड-रेंज मिसाइल प्रणाली स्थापित की थी, जिसका उद्देश्य संयुक्त युद्ध तत्परता के लिए प्रशिक्षण के रूप में लंबे समय से संधि सहयोगियों की तरफ से बताया गया था। चीन ने बार-बार मांग की है कि फिलीपींस मिसाइल प्रणाली को हटा दे, यह कहते हुए कि यह 'भू-राजनीतिक टकराव और हथियारों की दौड़ को भड़का रहा है।' मिसाइल प्रणाली की चीन की आलोचना के बारे में पूछे जाने पर, राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि वे चीन की स्थिति को नहीं समझते हैं क्योंकि फिलीपींस चीन की मिसाइल प्रणालियों पर टिप्पणी नहीं करता है जो 'हमारे पास मौजूद मिसाइल प्रणालियों से एक हजार गुना अधिक शक्तिशाली हैं।'

मार्कोस ने केंद्रीय सेबू प्रांत में पत्रकारों से कहा, 'चलो चीन के साथ एक समझौता करते हैं: हमारे क्षेत्र पर दावा करना बंद करो, हमारे मछुआरों को परेशान करना बंद करो और उन्हें जीने दो, हमारी नावों को टक्कर मारना बंद करो, हमारे लोगों पर पानी की बौछार करना बंद करो, हम पर लेजर फायर करना बंद करो और अपना आक्रामक और बलपूर्वक व्यवहार बंद करो, और हम टाइफून मिसाइलों को वापस कर देंगे'। चीनी अधिकारियों ने फिलीपींस राष्ट्रपति के बयानों पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने पिछले हफ्ते कहा था कि फिलीपींस अपने क्षेत्र में अमेरिकी मिसाइल प्रणाली को तैनात करने की अनुमति देकर 'क्षेत्र में तनाव और दुश्मनी पैदा कर रहा है।

### क्या है अमेरिकी मिसाइलों की मौजूदा स्थिति

एक वरिष्ठ फिलीपींस अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया, यूएस आर्मी की मोबाइल टाइफॉन मिसाइल प्रणाली, जिसमें एक लांचर और कम से कम 16 स्टैंडर्ड मिसाइल-6 और टॉमहॉक लैंड अटैक मिसाइलें शामिल हैं, को फिलीपींस रक्षा अधिकारियों के परामर्श से लगभग दो हफ्ते पहले उत्तरी फिलीपींस से राजधानी मनीला के पास एक रणनीतिक क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया था। एक फिलीपींस अधिकारी ने बताया कि अमेरिकी मिसाइल प्रणाली अब उस क्षेत्र के करीब पहुंच गई है, जहां दक्षिण चीन सागर में चीनी और फिलीपींस तट रक्षक और नौसेना बल लगातार तनावपूर्ण टकराव में शामिल रहे हैं। टॉमहॉक मिसाइलें 1,000 मील (1,600 किलोमीटर) से अधिक की यात्रा कर सकती हैं, जो मुख्य भूमि चीन के कुछ हिस्सों को उनकी सीमा में लाती है। फिलीपींस अधिकारी ने कहा कि मिसाइल प्रणाली अनिश्चित काल तक फिलीपींस में रहेगी।

---

**जांच में जुटी पुलिस**

# कुरान जलाने वाले इराकी शख्स की गोली मारकर हत्या

एजेंसी, स्टॉकहोम

स्वीडन में कुरान की कई प्रतियां जलाने वाले इराकी व्यक्ति की मौत हो गई है, स्टॉकहोम के एक न्यायाधीश ने गुरुवार को यह जानकारी दी। स्वीडिश मीडिया ने बताया कि वह पास के शहर में हुई गोलीबारी में मारा गया। 38 वर्षीय सलवान मोमिका ने 2023 में स्वीडन में इस्लाम की पवित्र पुस्तक को जलाने और अपवित्र करने की कई घटनाएं कीं। कुरान जलाने के वीडियो को दुनिया भर में वायरल हुआ और कई मुस्लिम देशों में इसके प्रति गुस्सा देखने को मिली, जिससे कई जगहों पर दंगे हुए।

### एक मुकदमे में सुनाया जाना था फैसला

स्टॉकहोम जिला न्यायालय ने कहा कि गुरुवार को एक मुकदमे में फैसला सुनाया जाना था जिसमें मोमिका एक प्रतिवादी था, इसलिए उसे स्थगित कर दिया गया क्योंकि प्रतिवादियों में से एक की मृत्यु हो गई थी। न्यायालय के एक न्यायाधीश गोरान लुंडाहल ने पुष्टि की कि मृतक मोमिका था। उन्होंने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मोमिका की मृत्यु कब और कैसे हुई। मोमिका और एक सह-प्रतिवादी पर स्टॉकहोम की अदालत में नस्लीय घृणा भड़काने का आरोप लगाया गया क्योंकि उन्होंने कुरान जलाने के संबंध में बयान दिए थे। गुरुवार सुबह फैसला सुनाया जाना था।

संपादकीय

# दोहरी चुनौती

**मेला प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि दोबारा भगदड़ के हालात न बनें। अगर ऐसा हुआ तो मेला प्रशासन पर ही नहीं, उत्तर प्रदेश सरकार पर भी सवाल उठेंगे।**

**महाकुंभ** में बुधवार को हुई भगदड़ के बाद उत्तर प्रदेश सरकार के सामने दोहरी चुनौती दरपेश है। पहली चुनौती है कुंभ में लोगों से आने से रोकना दूसरी चुनौती है लोगों को अपने वापस भेजना। इस वक्त पूरा प्रयागराज श्रद्धालुओं से भरा है। उन्हें नहीं पता कि कैसे वापसी होगी। इसलिए वे जहां तहां रुके हुए हैं। प्रयागराज जंक्शन पर हजारों लोग अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर अपनी ट्रेनों का इंतजार कर रहे हैं। इसके साथ ही अब भी कुंभ में आने वाले यात्रियों का तांता लगा हुआ है। यह अच्छी बात है कि प्रयागराज के लोगों ने अपने घरों, प्रतिष्ठानों, धार्मिक स्थलों के दरवाजे खोल दिए हैं। वापस जाने के लिए ट्रेनों में जगह नहीं है। मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में स्नान के लिए जुटी भारी भीड़ अब धीरे-धीरे अपने घरों को लौटने लगी है, लेकिन श्रद्धालुओं की सुरक्षित वापसी किसी चुनौती से कम नहीं है। एक ओर वापस जाने के लिए रेलवे स्टेशनों पर भारी भीड़ है तो अब भी कुंभ में जाने वाले लोग लगातार आ रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या उन लोगों के सामने है, जिनके लोग मारे गए हैं या घायल हो गए हैं। बहुत लोगों के परिजन बिछुड़ गए हैं। लोग अपने साथ आए लोगों की तलाश में अस्पताल दर अस्पताल दौड़ रहे हैं, लेकिन उनका पता नहीं चल रहा है। पटना से नौ महिलाएं साथ आईं थीं। बुधवार रात की भगदड़ में पांच महिलाएं अलग हो गईं। मजबूरी में उन्हें लौटना पड़ रहा है। विद्रूप यह है कि उनकी मदद करने वाला कोई नहीं है। भगदड़ के बाद मेला प्रशासन फूंक-फूंक के कदम रख रहा है। बावजूद इसके एक बार फिर कुंभ में लगे पंडालों में आग लग गई। मेला प्रशासन के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि दोबारा भगदड़ के हालात न बनें। अगर ऐसा हुआ तो मेला प्रशासन पर ही नहीं, उत्तर प्रदेश सरकार पर भी सवाल उठेंगे। सवाल तो अब भी उठ रहे हैं। बुधवार की सुबह झूंसी में भी भगदड़ हुई थी। इसका विवरण अब सामने आया है, जो बहुत भयावह है। सरकार ने मरने वालों का जो आंकड़ा दिया है, उससे बहुत लोग असहमत हैं। कई चश्मदीदों का तो यहां तक कहना है कि पांच सौ से ज्यादा मौतें हुईं हैं। उनका दावा कितना सही है, कुछ नहीं कहा जा सकता। फिलहाल सरकार की मंशा यह है कि जितनी जल्दी हो सके श्रद्धालुओं को मेला क्षेत्र से बाहर निकाला जाए और आने वालों को रोक जाए। इस तरह मेला प्रशासन के सामने दोहरी चुनौती है। इस चुनौती से सरकार और मेला प्रशासन कैसे निपटेंगे, यह देखना होगा।

पाठकवाणी

## मिलावटखोरी भारत की छवि पर काला धब्बा

**भारत** अपनी प्रगति, सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक विकास के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, लेकिन मिलावटखोरी जैसी कुप्रथाएं इसकी छवि को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही हैं। हाल ही में, मध्य प्रदेश में मिलावटी दूध और उससे बने उत्पादों की आपूर्ति से जुड़ा मामला सामने आया, जिसमें ईडी ने नौ स्थानों पर छापेमारी की। चौंकाने वाली बात यह है कि इन मिलावटी उत्पादों की आपूर्ति न केवल देश में, बल्कि विदेशों तक भी की जा रही थी। इससे आम जनता के स्वास्थ्य के साथ-साथ भारत की वैश्विक साख को भी खतरा है। मिलावटी खाद्य पदार्थों, विशेषकर दूध और दुग्ध उत्पादों, का सेवन अत्यंत हानिकारक होता है। इनमें मिलाए गए रसायन गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। यदि भारत से निर्यात किए गए उत्पादों में मिलावट पाई जाती है, तो इससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय खाद्य उद्योग की विश्वसनीयता को गहरा आघात लगेगा। यह समस्या सिर्फ दूध तक सीमित नहीं है, बल्कि मसाले, मिठाइयां और अन्य खाद्य पदार्थ भी इसकी चपेट में हैं। मिलावट का यह जाल जितना विस्तृत होता जा रहा है, उतना ही यह देश की साख और आम जनता के स्वास्थ्य के लिए घातक सिद्ध हो रहा है। सरकार कड़े कदम उठा रही है, लेकिन जब तक जनता जागरूक नहीं होगी और मिलावटखोरी के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं होगी, यह बुरी प्रथा जारी रहेगी।

-**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**, बड़वानी (मप्र)

कुछ खास



जैसे पीएम मोदी झूठ बोलते हैं वैसे केजरीवाल भी झूठ बोलते हैं। दोनों में कोई फर्क नहीं है। शायद केजरीवाल मोदी से भी ज्यादा चालाक हैं। मैं बीजेपी से नहीं डरता। मेरा घर छीन लिया। हम लोग मर जाएंगे लेकिन उनके साथ समझौता नहीं कर सकते।

-**राहुल गांधी**, कांग्रेस सांसद

आज का ट्वीट



''अपने अखबार के लिए रिपोर्टिंग करते हुए मुझे गोविंद कुमार पांडेय मिले जो बहुत रो रहे थे। कहा कि नौ लोग आए थे, अब सिर्फ सात वापस जा रहे हैं।''

-**ज्योति भसीन**

# जिम्मेदारी से न भागे सरकार

सामयिक




**शाहीन सबा**

**कुंभ के 45 दिनों में 35-40 करोड़ लोग प्रयागराज आएंगे। यह दावा खुद सरकार का है। वही सरकार भगदड़ के कई घंटों के भीतर मृतकों और घायलों की संख्या नहीं बताती है। 2003 में नासिक, 2013 में इलाहाबाद, 1986 में हरिद्वार में भगदड़ के अनुभव के बावजूद इस तरह की दुर्घटना को रोकने की कोशिश न करना अपराध और पाप है।**

प्रयागराज का महाकुंभ, जिसने मानव इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के रूप में दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है, बुधवार तड़के भगदड़ मच गई। मौनी अमावस्या के दिन, त्रिवेणी संगम पर स्नान करने गई महिलाओं और बुजुर्गों की मौत हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से एक घंटे में चार बार बात की या सभी 13 अखाड़ों के अमृत स्नान को स्थगित कर दिया, जिसका मतलब है कि दुर्घटना बहुत बड़ी है। किसी को त्रासदी की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

विवेक होना चाहिए कि किसी विषय को कितना प्रसारित किया जाए। यदि विषय व्यक्तिगत विश्वास जितना ही भावनात्मक है और उसकी हवा बनाने वाले लोग हैं, तो इस विवेक की अधिक आवश्यकता है। भावनाओं को छूना आसान है। बौद्धिक वैज्ञानिकता विकसित करना कई गुना अधिक कठिन है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए, विद्वान शासकों द्वारा प्रयागराज में 'महाकुंभ' के माहौल को बुधवार की सुबह भगदड़ की घटना से देखा जाना चाहिए। यह डरावना है। इतना कि कोई भी हमें दिन के दौरान यह बताने में संकोच नहीं करता था कि कितने लोगों के जीवन को सचमुच लिया गया था। बीबीसी जैसी समाचार सेवाओं के अनुसार, मीडियाकर्मियों को उन अस्पतालों से रोक दिया गया था जो ₹घायलों₹ को भर्ती करते थे। पता नहीं क्यों। क्योंकि गंगा के किनारे लाशों का नवाचार नहीं है। आज (शायद) 30 मौतें देश में कोविड के दौरान देखी गई मौतों से कम हैं। इसके बारे में इतना गुप्त होने का कोई कारण नहीं था।



उदाहरण के लिए, इस कुंभ मेले में शामिल होने वाले लोगों की संख्या। कुछ कहते हैं 10 करोड़, कुछ कहते हैं 12 करोड़ या कोई और। भले ही हम इस संख्या की सत्यता पर चर्चा न करने का निर्णय लें, किसी को यह सवाल नहीं करना चाहिए कि कीमत महत्वपूर्ण है या भक्तों की संख्या। तथ्य यह है कि यह पहला और आखिरी महाकुंभ नहीं है। पहले भी ऐसे कई कुंभ हो चुके हैं और आगे भी होते रहेंगे। इससे पहले किसी ने भी 'सबसे अधिक भीड़' का दावा करने की आवश्यकता महसूस नहीं की। अब इसे महसूस करने का कारण क्या है? खैर, यह दावा करने के लिए कि सिस्टम को समान रूप से सटीक होना चाहिए। यह कितना नहीं था, यह विदेशी समाचार चैनलों से पता चलता है। पटाखा होने पर भी, लाइव प्रसारण में हमारे समाचार चैनलों द्वारा देखी गई 'मौनी अमावस्या' को याद नहीं करना मुश्किल है। खैर, इस अवसर पर, पवित्र गंगा के सबसे पवित्र संगम में डुबकी लगाने गए उत्सुक लोग हाथ से निकल गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वहां मौजूद श्रद्धालुओं से अपील की और संतों के सिर भी कुछ स्टैंड लिए, जो कुछ सवाल खड़े करता है।

उदाहरण के लिए योगी ने कहा कि सभी भक्त संगम पर आने की जिद न करें, जो भी घाट पास है उसमें स्नान करें। फिर मुद्दा यह है कि यदि घाट 'निकट' पर स्नान करने से समान पुण्य की गारंटी मिलती है, तो गांवों के भक्तों को संगम पर जाने के लिए कड़ी मेहनत क्यों करनी पड़ती है? हम हर नदी को गंगावतार मानते हैं। भले ही उनमें से कई सूख गए हों, लेकिन इस अवसर पर, हमारे अधिकारियों ने इन नदियों में पानी छोड़कर कई लोगों के पुण्य की गारंटी दी होगी। कुछ लोगों को याद होगा कि कैसे पुण्य के लाभ के लिए नासिक में विशेष पानी छोड़ा गया था। यह सही है। अगर ऐसा किया गया होता, तो गांव की नदियां सक्रिय हो जाती और स्थानीय लोगों को पुण्य के लाभ के लिए पीड़ित नहीं होना पड़ता। संतों के प्रमुखों द्वारा ली गई बहुत ही समझदार स्थिति का। श्रद्धालुओं को कुंभ के दौरान कभी भी आने के लिए कहा जा सकता था। भगदड़ दुर्घटना के कारण, आयोजकों के लिए भी ऐसा करने का समय आ गया। सुबह के शुभ अवसर पर प्रयागराज जाने वाली विशेष ट्रेनों के रद्द होने की खबर सुबह आई। फिर दोपहर में खबर आई कि उन्हें रद्द नहीं किया गया है। इस गड़बड़ी के कारण, इन विशेष ट्रेनों से आने वाले कई भक्त आज के मुहूर्त तक नहीं पहुंच सके। वे अपना आपा खो सकते हैं और दिवंगत पुण्य को पुनः प्राप्त करने के लिए 12 साल और इंतजार करना होगा। वे किस सवाल से हताश हो गए होंगे और अब सरकार को सोचना होगा कि उन्हें जल्द से जल्द अपना खोया पुण्य कैसे मिलेगा।

पौराणिक कथाओं के अनुसार, समुद्र मंथन के बाद, कुंभ में अमृत के वितरण को लेकर देवताओं और राक्षसों के बीच युद्ध छिड़ गया। कुंभ मेला हर 12 साल में प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक के चार स्थानों पर आयोजित किया जाता है, जहां आकाश के माध्यम से अमृत लेते समय अमृत की बूंदें बहाई जाती थीं। प्रयागराज को छह साल बाद अर्धकुंभ कहा जाता है। इसे पहले 'माघ मेला' कहा जाता था। अब आयोजन के राजनीतिक महत्व के कारण, मेला आदि शब्द मामूली है। और इस वर्ष 144 वर्षों के बाद श्रृंखला में 12वें महाकुंभ के रूप में बहुत प्रचार हो रहा है। किसी भी मामले में, यह निश्चित रूप से मानव इतिहास की सबसे बड़ी घटना है। कुंभ के 45 दिनों में 35-40 करोड़ लोग प्रयागराज आएंगे। यह दावा खुद सरकार का है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि वही सरकार भगदड़ के कई घंटों के भीतर मृतकों और घायलों की संख्या नहीं बताती है। करोड़ों की इस भीड़ की योजना बनाने और उसे प्रबंधित करने की जिम्मेदारी केंद्र और राज्य सरकारों दोनों की है, खासकर खुद उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की, जो शैव अखाड़े से जुड़े हैं, यानी प्रबंधक यह कष्टप्रद है। जबकि सच्ची और आधिकारिक जानकारी को दबाया जा रहा है, त्रासदी के कारण योगी के प्रशासन के अधर में लटके हुए हैं। इस महाकुंभ में वीआईपी संस्कृति की अधिकता रही है। तथाकथित अभिजात वर्ग सरकार को कमजोर करने के लिए हाथ-पांव मार रहा है। हालाँकि, साधारण विश्वासियों को स्वयं के लिए छोड़ दिया गया है।

नदी पर बने 28 पुलों में से अधिकांश को यह जानने के बावजूद बंद कर दिया गया था कि मेरी अमावस्या के दिन गंगा, यमुना और सरस्वती के त्रिवेणी संगम पर लाखों श्रद्धालु आएंगे। सुबह के शुरुआती घंटों में, जब लाखों लोग संगम नोज की ओर जा रहे थे, घाटों से आने-जाने के लिए कोई अलग मार्ग नहीं था। 2003 में नाशिक, 2013 में इलाहाबाद, इलाहाबाद ही। 1986 में हरिद्वार में भगदड़ के अनुभव के बावजूद इस तरह की दुर्घटना को रोकने की कोशिश न करना अपराध और पाप है। यह पाप है। इतने बड़े आयोजन में तकनीक के इस्तेमाल की बहुत चर्चा हो चुकी है, लेकिन इस तकनीक के इस्तेमाल का अनुभव नहीं हो पाया है। 2015 में नासिक सिंहस्था के दौरान इस तकनीक का अच्छी तरह से इस्तेमाल किया गया था। कुंभ मेला और इंसानों के गायब होने का सदियों का इतिहास रहा है। हालांकि, नासिक में कुंभ मेले में खो गए सभी 1,000-1,500 लोग सुरक्षित पाए गए। सरकार ने आधिकारिक तौर पर दुनिया की सबसे बड़ी प्रबंधन एजेंसी अर्न्स्ट एंड यंग को भीड़ नियंत्रण की जिम्मेदारी सौंप दी है। प्रशासन के हाथों किया गया पाप कुछ हद तक धुल जाएगा।

# सदनों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण का संज्ञान लिया जाए- संसद हुल्लड़ की जगह नहीं बल्कि लोकतंत्र का मंदिर है

## जन प्रतिनिधियों की सदनों में लगातार अव्यवस्था का बढ़नां राष्ट्रीय चिंता का विषय है

**>>> लगातार कई संसद सत्रों के हंगामे की भेंट चढ़ने से जनता का विश्वास घटा- सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों को कार्यवाही की पवित्रता के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गोंदिया** - विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में बजट सत्र दो भागों में 31 जनवरी 2025 से शुरू हो गया है जो 13 फरवरी तक व दूसरा भाग 10 मार्च से 4 अप्रैल तक चलेगा। पिछले अनेक सत्र जैसे बजट सत्र शीतकालीन सत्र मानसून सत्र सहित सभी सत्रों में देख रहे हैं कि सभी हंगामेंदार रहे हैं। हर सत्र में कोई मुद्दा इशू बना जाता है और फिर सत्र के पूरे दिन हंगामा की भेंट चढ़ जाते हैं।वैसे तो हम अनेक सत्रों मैं लाइव टेलीकास्ट देखते आ रहे हैं कि हमेशा विपक्ष ही हंगामा करता है, परंतु पिछले एक सत्र में जनता यह देखकर हैरान रह गई कि सत्ता पक्ष के सांसद हंगामा कर रहे थे, जो मुद्दा अमेरिकी सांसद व विपक्ष के नेता के परिवार के हितों से जुड़ा था। हालांकि सदन के सभी सदस्य जानते हैं की कार्यवाही का सीधा प्रसारण हो रहा है। संसद हुल्लड़ की जगह नहीं लोकतंत्र का मंदिर है, फिर भी जनप्रतिनिधियों द्वारा सदनों में अवस्था का लगातार बढ़नां राष्ट्रीय चिंता का विषय है। हालांकि 31 जनवरी 2025 से शुरू हुए संसद सत्र में भी हंगामे के आसार दिख रहे हैं, क्योंकि 30 जनवरी 2025 को हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने वक्फ बिल, एक राष्ट्र एक चुनाव, महाकुंभ भगदड़ त्रासदी पर शाब्दिक तलवार खींचने का संकेत दे दिया है। मेरा मानना है कि हंगामा 31 जनवरी 2025 को राष्ट्रपति भाषण से ही शुरू होगा व 1 फरवरी 2025 को बजट पेश होने पर बजट को सरकार की नाकामी का प्रतीक, बताया जा सकता है कि इस बजट रोजगार स्वास्थ्य व युवाओं को निगलेट किया गया है,क्योंकि बजट के दोनों भागों में हंगामा होने के आसार लग रहे हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,लगातार कई संसद सत्रों के हंगामा की भेंट चढ़ने के से जनता का विश्वास घटा है। सत्तापक्ष विपक्ष दोनों पक्षो कार्यवाई की पवित्रता के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है। साथियों बात अगर हम बजट सत्र हंगामेदार होने का इशारा 30 जनवरी 2025 को सर्वदलिय बैठक से मिलने की करें तो, संसद का बजट सत्र शुक्रवार से शुरू हो चुका है, जो हंगामेदार हो सकता है। विपक्षी दल प्रयागराज में महाकुंभ मेले में हुई भगदड़, जिसमें 30 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी, को लेकर सरकार पर निशाना साधने की तैयारी में हैं। वहीं संसद सत्र से पहले रक्षामंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्षी दलों ने सरकार पर संसदीय समितियों का राजनीतिकरण करने और अपने बहुमत का इस्तेमाल कर जबरन अपना एजेंडा लागू करने का आरोप लगाया। संसद के बजट सत्र के हंगामेदार होने के पूरे आसार हैं, क्योंकि महाकुंभ भगदड़, वीआईपी संस्कृति संसदीय समितियों का राजनीतिकरण,और अन्य मुद्दों को लेकर विपक्ष के तेवर गरम हैं। वहीं सरकार ने भी अपनी रणनीति बनाई है और कई विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है।बजट सत्र के साथ ही सत्ताधारी गठबंधन और विपक्षी गठबंधन दोनों ही एक दूसरे पर और भी अधिक जोश और उग्रता से हमला करने के लिए कमर कस रहे हैं। यह न केवल केंद्रीय बजट 2025 बल्कि विवादास्पद वक्फ संशोधन विधेयक और एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक पर भी फैसला करेगा क्योंकि दोनों को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा गया है।राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव में विपक्षी सदस्यों द्वारा सरकार पर हमला किये जाने की सबसे अधिक संभावना है। केंद्रीय बजट 2025 पर बिंदुवार चर्चा की जाएगी और विपक्ष तथा सत्ता पक्ष के बीच विस्तृत बहस होने की उम्मीद है। साथियों बात अगर हम विपक्ष की नाराजी की बात करें तो, नाराजगी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जेपीसी के अध्यक्ष ने विपक्ष द्वारा पेश किए गए सभी 44 संशोधनों को खारिज कर दिया। जेपीसी ने 14 संशोधन स्वीकार किए, जो सभी भाजपा सदस्यों द्वारा पेश किए गए थे। जेपीसी अध्यक्ष को सौंपे गए असहमति नोट में विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय के संवैधानिक अधिकारों पर हमला है और वक्फ बोर्डों के कामकाज में हस्तक्षेप है।बजट सत्र में उठाया जाने वाला एक अन्य विवादास्पद मुद्दा एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक है, जिस पर भी बैठकें होंगी। बजट सत्र के दौरान उठाए जाने वाले अन्य विधेयकों में लोकसभा में लंबित कई विधेयक शामिल हैं, जिन पर चर्चा हो सकती है। सरकार सत्र के दौरान नए कानून भी लाएगी। लंबित विधेयकों में अनुसूचित जनजाति प्रतिनिधित्व गोवा विधेयक, वक्फ (संशोधन) विधेयक, समुद्र द्वारा माल परिवहन विधेयक, तटीय नौवहन विधेयक, मर्चेंट नौवहन विधेयक तथा पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विधेयक शामिल थे।कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंसह्व(इंडिया) संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक से बाहर निकलते हुए उन्होंने महा कुंभ के कथित राजनीतिकरण की भी आलोचना की और कहा कि महा कुंभ के दौरान अतिविशिष्ट लोगों के लिए आवाजाही से आम आदमी के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं।विपक्षी दलों ने कहा कि वे महा कुंभ में कुप्रबंधन का मुद्दा उठाएंगे, जिसके कारण 30 लोगों की मौत हो गई। विपक्षी दलों ने कहा कि उन्हें मृतकों और घायलों की आधिकारिक गणना में अधिक पारदर्शिता की आवश्यकता है। कुंभ को केवल अधिक तीर्थयात्रियों को आकर्षित करने के लिए महाकुंभ कहा जा रहा है। विपक्ष ने कहा कि वो क्फ समिति के पक्षपातपूर्ण कामकाज का, रुपये में गिरावट और यूजीसी नियमों का मुद्दा उठाएंगे। वहीं, लोजपा ने बिहार के लिए विशेष औद्योगिक पैकेज की मांग की है। आज की बैठक में केंद्रीय रक्षा मंत्री ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता की, जो राजनीतिक दलों को सरकार के विधायी एजेंडे के बारे में सूचित करने और सत्र के दौरान उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए बुलाई जाती है। संसदीय मामलों के मंत्री ने बैठक खत्म होने के बाद बताया कि इसमें 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। बैठक में सरकार ने बजट सत्र का एजेंडा रखते हुए बताया कि सरकार की ओर से इस सत्र के बजट पेश करने समेत 16 महत्वपूर्ण बिल पेश किए जाएंगे। जिसमें वक्फ संशोधन बिल 2024, मुसलमान वक्फ रिपील बिल 2024 भी शामिल है। साथियों बात अगर हम बजट सत्र 2025 में पेश होने वाले 16 विधेयकों की करें तो,बजट सत्र 2025 के दौरान पेश किए जा सकते हैं ये विधेयक (1) बैंकिंग (संशोधन) विधेयक, 2024 (2) रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 (3) आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 (4) तेल क्षेत्र (विनियमन और विकास) संशोधन विधेयक, 2024 (5) बॉयलर बिल, 2024 (6) गोवा राज्य के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व कापुनर्समायोजन विधेयक, 2024 (7) वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 (8) मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 (9) बिल ऑफ लैडिंग बिल, 2024 (10) समुद्र द्वारा माल की ढुलाई विधेयक, 2024 (11) तटीय नौवहन विधेयक, 2024 (12) मर्चेंट शिपिंग बिल, 2024 (13) वित्त विधेयक, 2025(14) विमान वस्तुओं में हितों का संरक्षण विधेयक, 2025 (15) त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक, 2025 (16) आप्रवासन और विदेशी विधेयक, 2025 अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करेंगे तो हम पाएंगे कि सदनों की कार्यवाही का सीधा प्रसारण का संज्ञान लिया जाए- संसद हुल्लड़ की जगह नहीं बल्कि लोकतंत्र का मंदिर है।जन प्रतिनिधियों की सदनों में लगातार अव्यवस्था का बढ़नां राष्ट्रीय चिंता का विषय है। लगातार कई संसद सत्रों के हंगामे की भेंट चढ़ने से जनता का विश्वास घटा- सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों को कार्यवाही की पवित्रता के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है






**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

तीखी नजर

# बजट पर कुछ इधर की कुछ उधर की



मनीष कुमार चौधरी

एक देसी कहावत है-'हलवा टाइट होना।' बजट का हलवा बनने और बंटने के बाद देश के कुछ दुखचिंतक और चिर उदास संप्रदाय के लोग चिल्लपों मचाने लग जाते हैं। कहने लगते हैं कि यह कैसा हलवा है, बगैर घी और चीनी वाला...। रोजगार के क्षेत्र में हलवा टाइट है। महंगाई ने आम आदमी का हलवा टाइट कर रखा है। किसानों का हलवा भी टाइट है। कुल मिलाकर पूरी अर्थव्यवस्था का हलवा ही टाइट है। पर इन भले मानुषों को ध्यान में होना चाहिए कि महंगाई और मंदी बजट के सरकारी प्रयासों और अर्थशास्त्रियों की टोका टोकी की बिल्कुल भी परवाह नहीं करती। वह किसी पर ध्यान नहीं देती और षोडशी की तरह इतराते हुए चलती है। ऐसा हलवा बगैर मिठास वाला और टाइट ही तो होगा। सरकार की नीति होती है-मीठा गप, कड़वा थूं...।

यह मासूम-सा सवाल भी बार-बार उठता है कि हर बजट के बाद गरीब और गरीब तथा अमीर और अमीर बन रहा है। इसमें बजट पेश करने वाली सरकार का क्या दोष? गरीबी तो बस मन की अवस्था है। फिर हलवे से आम आदमी का क्या लेना-देना? सरकार देशी घी और भरपूर चीनी वाला बजट इसलिए नहीं बनाती, इससे गरीब की जीभ को ऐसा स्वाद लग जाएगा तो वह वोट देते समय नखरे करेगा। चलिए हलवे को जाने दीजिए। बजट नहीं भी आता तो आम कौनसा खास बन जाता है। बजट को हर साल आना है, वह आकर रहेगा। भैये, बजट एक जरूरी कर्मकांड है, जिसे हर सरकार को पेश करना ही करना होता है। इतना समझ लीजिए बजट भीख और सीख देने का सबसे बड़ा उत्सव भर है। यह उस बादल सरीखा है जो आसमान से बरसता जरूर है, लेकिन जमीन तक आते-आते सूख जाता है। जिन्हें दिक्कत है, वे अपनी दाल और रायते में पानी मिलाकर खाने की कला सीखें। इससे भी पार ना पड़े तो राष्ट्रवाद का आटा कुंभ के गंगाजल से गूंथिए और डकार जाइए। इससे घर का बजट शराबी की तरह नहीं लड़खड़ाएगा।

बिगड़े हुए बजट में आदमी के बने रहने का गुण कई बार अद्भुत लगता है, मगर सच यही है कि आम आदमी का बजट हमेशा बिगड़ा रहता है। यह उसका नैसर्गिक स्वभाव है। उसकी किस्मत में ईश्वर के वित्त मंत्री ने बिगड़ा हुआ बजट ही लिखा है। बजट सिर्फ आम आदमी का ही नहीं, सरकार का भी बिगड़ा हुआ है। सरकार तो बीपीएल के नीचे जीवनयापन करने वाले लोगों से भी ज्यादा बड़ी कर्जदार है। सारे राज्य कर्ज के अथाह सागर में गोते लगा रहे हैं। अब सरकार के पास बजट में देने के लिए कुछ बचा ही नहीं है। उसका सारा बजट तो रेवड़ियों के हवाले हो चुका है। आप तो दिन में भी सपने देखते रहिए, क्योंकि ये सपने ही आपके अपने हैं। कहीं, सपनों पर सर्विस टैक्स लग गया तो किसे दोषी ठहराइएगा? खैर, बजट को लेकर ज्यादा सीरियस मत होइए और अल्लामा इकबाल के इस शेर पर गौर फरमाइए- 'यूनान-ओ-मिस्र-ओ-रोम सब मिट गए जहां से, अब तक मगर है बाकी नामों निशां हमारा..।'

## सार संक्षेप

### हॉकी इंडिया ने की एफआईएच प्रो लीग के लिए 32 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा

**नई दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए गुरुवार को 32 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी। कलिंगा हॉकी स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम ड्रैग-फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की अगुवाई में मैदान में उतरेंगी। हार्दिक सिंह टीम के उपकप्तान होंगे। 15 से 25 फरवरी तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में भारत, स्पेन, जर्मनी, आयरलैंड और इंग्लैंड के बीच मुकाबले होंगे। प्रत्येक टीम दो-दो मैच खलेंगी। टीम के चयन को लेकर भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा कि एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के मैचों के लिए चुनी गई टीम से मैं बेहद खुश हूं। मेरा मानना है कि यह टीम बेहतरीन खेला का प्रदर्शन करते हुए मैच जीतेगी। हम प्रो लीग में अपने अभियान को सही तरीके से शुरू करने के लिए उत्सुक हूं।

### अदित्री सिंह ने दमदार खेल से जीता बालिका अंडर-14 खिताब

लखनऊ : अदित्री सिंह ने चंद्र प्रकाश अग्रवाल मेमोरियल यूपी राज्य रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट में बेहतरीन खेल दिखाते हुए बालिका अंडर-14 वर्ग में खिताबी जीत दर्ज की। दूसरी ओर बालक अंडर-16 एकल में शिखर कुमार व बालक अंडर-16 युगल में शिखर सिह व अनय श्रीवास्तव चैंपियन बने। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस टेनिस अकादमी द्वारा एसडीएस लामार्टिनियर टेनिस फैसिलिटी पर आयोजित इस टूर्नामेंट में बालिका अंडर-14 वर्ग के फाइनल में अदित्री सिंह ने आशी किरण को 6-2, 6-0 से हराया। अदित्री सिंह ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखते हुए जीत दर्ज की। उन्होंने लगातार ग्राउंडस्ट्रोक खेले और मजबूत सर्विस का नजारा पेश किया जिसके चलते आशी को लय पाने के लिए सीमित अवसर ही मिले। आशी की कोशिशों के बावजूद अदित्री ने सटीकता और खेल पर नियंत्रण से निर्णायक जीत हासिल की। बालक अंडर-16 आयु वर्ग में भी खिताबी मुकाबले खेले गए जिसमें एकल में शिखर कुमार ने आर्यन कुमार को 6-2, 6-0 से हराया। इस मैच में शिखर कुमार ने बेहतरीन कोर्ट कवरेज व तेज खेल दिखाते हुए जीत दर्ज की। वहीं बालक अंडर-16 युगल में शिखर सिंह व अनय श्रीवास्तव ने जीत दर्ज की जिन्होंने फाइनल में समर्थ भटनागर व यदुराज सिंह बिहानी को 6-1, 6-4 से हराया। इसी के साथ बालक अंडर-12 के सेमीफाइनल में अथर्व गोयल ने अव्यान जैन को 6-1, 6-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

### चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी 16 फरवरी को, रोहित का जाना तय नहीं




**लाहौर** : चैंपियंस ट्रॉफी की ओपनिंग सेरेमनी लाहौर में 16 फरवरी को होगी। इसका आयोजन महाराजा रणजीत सिंह के बनवाए हजूरी बाग किले में होगा। इतना ही नहीं, यहां फोटो शूट के बाद सभी टीमों के कैप्टंस की प्रेस कॉन्फ्रेंस भी होगी। हालांकि, इसमें भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के शामिल होने या न होने की स्थिति स्पष्ट नहीं है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल मिलकर जल्द ही ओपनिंग सेरेमनी की घोषणा करेंगे। वे रोहित के पाकिस्तान जाने या न जाने पर भी स्थिति स्पष्ट करेंगे। सेरेमनी के लिए सेलिब्रिटी, क्रिकेट के लीजेंड्स और पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों को बुलाया जा रहा है। हजूरी बाग, पाकिस्तान के लाहौर का एक उद्यान है। इसका निर्माण महाराजा रणजीत सिंह के शासन में हुआ था। इसके केंद्र में हजूरी बाग बारादरी है, जिसे महाराजा ने 1818 में शुजा शाह दुरार्नी से 1813 में कोहिनूर हीरा हासिल करने पर बनवाया था।

### सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया



**पुणे** : भारत और इंग्लैंड के बीच जारी पांच मैचों की टी-20 सीरीज का चौथा मुकाबला शुक्रवार को पुणे में खेला जाएगा। इस मैच में भारतीय टीम सीरीज में अजेय बढ़त बनाने उतरेगी। फिलहाल सूर्यकुमार की अगुआई वाली टीम 2-1 से आगे चल रही है। अब उसकी नजर चौथे टी20 में जीत दर्ज कर लगातार पांचवीं सीरीज अपने नाम करने पर होगी। भारतीय टीम 2017 से इंग्लैंड पर टी-20 सीरीज में श्रेष्ठता दर्ज करती आ रही है। 2017 में भारत ने इंग्लैंड को तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से, 2018 में तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से, 2021 में पांच मैचों की सीरीज में 3-2 से और 2022 में तीन मैचों की सीरीज में 2-1 से हराया था। तेज रफ्तार के सामने संजू सैमसन की कमजोरी और रिंकू सिंह का खराब फॉर्म और फिटनेस इंग्लैंड के खिलाफ शुक्रवार को चौथे टी20 मैच से पहले भारतीय टीम प्रबंधन की चिंता का सबब होगा। राजकोट में तीसरा मैच हारने के बाद भारतीय टीम के पास मुंबई में दो फरवरी को होने वाले आखिरी मैच से पहले सीरीज जीतने का एक और मौका है। सूर्यकुमार यादव की टीम ने कोलकाता और चेन्नई में पहले दो मैच जीते थे। केरल के विकेटकीपर बल्लेबाज सैमसन ने टी20 सत्र की शुरूआत बांग्लादेश और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन शतक के साथ की। मौजूदा सीरीज में उनका स्कोर 26, 5 और तीन रहा है जो चिंता की बात है। वह 145 किमी की रफ्तार से अधिक वाली गेंदों का सामना नहीं कर पा रहे।

# वुशू में उत्तराखंड के खिलाड़ियों का जलवा बरकरार

देहरादून






**38वें** राष्ट्रीय खेलों के दूसरे दिन वुशू प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपना दबदबा बनाए रखा। आज की प्रतियोगिता में वुशू खिलाड़ियों ने चार ब्रॉन्ज मेडल और तालू प्रतियोगिता में एक गोल्ड मेडल के साथ एक ब्रॉन्ज मेडल जीते। तालू में तपस ने गोल्ड मेडल हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया, वहीं विनेश ने ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया। वुशू के 52 किलो वर्ग में हल्द्वानी के नीरज जोशी, 75 किलो वर्ग में उत्तराखंड पुलिस के शुभम चौधरी, और 85 किलो वर्ग में उत्तराखंड पुलिस के खिलाड़ी लवीश कुंवर ने पंजाब के खिलाड़ी को हराया। इसके अलावा, देहरादून के साहिल कुरेशी ने 90 किलो वर्ग में ब्रॉन्ज मेडल जीता। तालू प्रतियोगिता में विनेश ने भी ब्रॉन्ज मेडल पक्का किया। आज ये सभी खिलाड़ी सिल्वर मेडल के लिए अपने-अपने वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

### 38वें राष्ट्रीय खेलों में डुआथलॉन और ट्रायथलॉन में महाराष्ट्र का शानदार प्रदर्शन

38वें राष्ट्रीय खेलों में गुरुवार को आयोजित व्यक्तिगत डुआथलॉन स्पर्धा में शानदार मुकाबला देखने को मिला। इस प्रतियोगिता में पुरुष और महिला दोनों वर्गों में कई राज्यों के एथलीटों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

पुरुष वर्ग में: सरुंगबम अथौबा मैतेई (मणिपुर) ने 49:29 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। आदर्श मुरलीधरन सिनीमोल ने 49:44 मिनट में रजत पदक और सपन पंचाल ने 50:35 मिनट में कांस्य पदक हासिल किया। महिला वर्ग में: आध्या सिंह (मध्य प्रदेश) ने 56:43 मिनट में स्वर्ण पदक जीता। डॉली देविदास पाटिल (महाराष्ट्र) ने 57:28 मिनट में रजत पदक और मानसी विनोद मोहिते (महाराष्ट्र) ने 59:54 मिनट में कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र ने इंडिविजुअल ट्रायथलॉन स्पधाओं में शानदार प्रदर्शन किया। पुरुष वर्ग में पार्थ सचिन मिराजे ने कांस्य पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में डॉली देविदास पाटिल ने स्वर्ण और मानसी विनोद मोहिते ने रजत पदक जीते। मिक्स्ड रिले स्पर्धा में स्वर्ण : महाराष्ट्र की टीम ने मिक्स्ड रिले स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपनी स्थिति मजबूत की। इसके साथ ही राज्य की पदक तालिका में बढ़त बनाई।

अन्य राज्यों की प्रदर्शन: मध्य प्रदेश ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल 3 पदक जीते। मणिपुर ने व्यक्तिगत ट्रायथलॉन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण पदक और डुआथलॉन में 1 स्वर्ण पदक जीता। सर्विसेज ने डुआथलॉन में 1 रजत और 1 कांस्य पदक हासिल किया। तमिलनाडु ने मिक्स्ड रिले में 1 कांस्य पदक जीता। महाराष्ट्र की पदक तालिका: महाराष्ट्र का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा, और उसने ट्रायथलॉन स्पर्धाओं में 6 पदक जीतकर शीर्ष स्थान हासिल किया।









### कलारीपयट्टू की चमक सिद्धी बड़ोनी ने दिलाया उत्तराखंड को रजत पदक

उत्तराखंड में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान रिजर्व पुलिस लाइन रोशनाबाद में कलारीपयट्टू खेल का आयोजन किया गया। इस खेल में उत्तराखंड की सिद्धी बड़ोनी ने महिला वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य को रजत पदक दिलाया। हालांकि, कलारीपयट्टू को राष्ट्रीय खेलों में औपचारिक रूप से शामिल नहीं किया गया है, लेकिन सिद्धी का यह प्रदर्शन एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। एक पारंपरिक युद्ध कला खेल कलारीपयट्टू दक्षिण भारत, विशेष रूप से केरल का पारंपरिक खेल है, जो युद्ध कला के रूप में वगीर्कृत किया जाता है। यह खेल लगभग तीन हजार साल पुराना माना जाता है और इसकी उत्पत्ति भगवान परशुराम से जुड़ी हुई है। केरल में यह खेल बेहद लोकप्रिय है, और इसे एक जोखिम भरे खेल के रूप में देखा जाता है। सिद्धी बड़ोनी, जो उत्तराखंड सचिवालय में संयुक्त सचिव संतोष बड़ोनी की बेटी हैं, ने इस खेल को बढ़ावा देने का दृढ़ संकल्प लिया है। उन्होंने बताया कि उनका मुख्य लक्ष्य प्रदेश के हर स्कूल तक इस खेल को पहुंचाना है। सिद्धी का मानना है कि कलारीपयट्टू केवल एक खेल नहीं, बल्कि आत्मरक्षा की कला भी है, जो खासकर बेटियों के लिए बेहद लाभकारी हो सकती है। इस खेल के लिए बड़े मैदान की आवश्यकता नहीं होती, और यह छोटे स्थानों पर भी खेला जा सकता है। सिद्धी ने बताया कि वर्तमान में अधिकतर लोग इस खेल से परिचित नहीं हैं, और उनका उद्देश्य इसे आम लोगों तक पहुंचाना है, ताकि उत्तराखंड और पूरे देश के युवा इस खेल में रुचि दिखाएं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कलारीपयट्टू को राष्ट्रीय खेलों में भी शामिल किया जाना चाहिए, ताकि यह पारंपरिक खेल और भी लोगों तक पहुंचे। सिद्धी बड़ोनी का यह कदम न केवल कलारीपयट्टू को एक नए मुकाम पर ले जाएगा, बल्कि उत्तराखंड और देशभर में इस अद्भुत युद्ध कला के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा।

### कर्नाटक का शानदार प्रदर्शन रोड साइकिलिंग में गोल्ड और ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा

38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में कर्नाटक के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कर्नाटक ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में पदक जीते, जिससे राज्य का दबदबा नजर आया। 40 किलोमीटर की रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में नवीन थॉमस ने कर्नाटक के लिए स्वर्ण पदक जीता। नवीन ने यह दूरी मात्र 52 मिनट 16 सेकंड में पूरी की और उन्होंने प्रति घंटे 45.91 किलोमीटर की गति से साइकिल दौड़ाई। नवीन का यह चौथा गोल्ड मेडल था, जो उन्होंने लगातार चार बार कर्नाटक को राष्ट्रीय खेलों में दिलाया है, जिसमें गुजरात, केरल, गोवा और अब उत्तराखंड शामिल हैं। महिला वर्ग में मेघा ने 30 किलोमीटर की रोड साइकिलिंग प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज मेडल जीता। मेघा, जो 2 साल की बेटी की मां हैं, ने साइकिलिंग की दुनिया में खुद को साबित किया है। उन्होंने पिछले साल राष्ट्रीय खेलों में सिल्वर मेडल भी जीता था।

मेघा ने ईटीवी भारत से बातचीत में बताया कि वह पिछले 10 सालों से साइकिलिंग प्रतियोगिताओं में भाग ले रही हैं और इस सफलता में उनके पति और परिवार का पूरा सहयोग रहा है। उन्होंने बताया कि जब वह खेल में होती हैं तो उनके माता-पिता उनकी बेटी का ख्याल रखते हैं। इसके अलावा, वह रेलवे में नौकरी करती हैं।

# उस्मान ख्वाजा ने जड़ा दोहरा शतक

### ऑस्ट्रेलिया के विशाल स्कोर के आगे लड़खडाई श्रीलंका, तीन विकेट खोकर बनाए महज 44 रन

### ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी छह विकेट खोकर 654 रन बनाकर घोषित की



**गाले, वार्ता** : श्रीलंका के गाले अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में ऑस्ट्रेलियाई मेहमान टीम ने उस्मान ख्वाजा (232), टीव स्मिथ (141) और जॉस इंग्लिस (102) की शतकीय पारियों के दम पर पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरुवार को छह विकेट पर 654 रनों का विशाल स्कोर बनाकर पारी घोषित कर दी। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी मेजबान श्रीलंका ने तीन विकेट खोकर महज 44 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया के 654 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 30 रन के स्कोर पर दोनों सलामी बल्लेबाज सहित तीन विकेट गवां दिए। ओशादा फर्नांडो (07), दिमुत करुणारत्ने (07) और एंजलो मैथ्यूज (07) रन के आउट होने के बाद मेजबान टीम की लड़खड़ाई पारी को दिनेश चांदीमल और कामिंडु मेंडिस ने संभाला। दिन का खेल समाप्त होने के समय श्रीलंका ने 15 ओवर में तीन विकेट पर 44 रन बना लिए है और दिनेश चांदीमल (नाबाद नौ) और कामिंडु मेंडिस (नाबाद 13) रन बनाकर क्रीज पर डटे है। श्रीलंका अभी ऑस्ट्रेलिया के पहली पारी के स्कोर से 610 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क, मैथ्यू कुनमन और नेथन लायन तीनों के खाते में एक-एक विकेट आया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने दो विकेट पर 330 से आगे खेलना शुरु किया। स्टीव स्मिथ (141) के रूप में ऑस्ट्रेलिया का तीसरा विकेट गिरा। उन्हें जेफ्री वैंडरसे ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद प्रभात जयसूर्या ने उस्मान ख्वाजा को आउट कर ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका दिया। उस्मान ख्वाजा ने 352 गेंदों में 16 चौके और एक छक्के की मदद से (232) रन बनाए। जॉश इंग्लिस ने 94 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (102) रनों की पारी खेली। उन्हें भी जयसूर्या प्रभात ने आउट किया। बो वेब्स्टर (23) रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया ने 154 ओवर में छह विकेट पर 654 रनों का विशाल स्कोर बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। एलेक्स कैरी (46) और मिचेल स्टार्क (19) रन बनाकर नाबाद रहे। श्रीलंका की ओर से प्रभात जयसूर्या और जेफ्री वैंडरसे ने तीन-तीन विकेट झटके।

# ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की टेस्ट में अच्छी शुरुआत

● मेलबर्न, वार्ता

### इंग्लैंड की महिला टीम को 170 रन पर समेटा ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट खोकर बनाए 56 रन

**अलाना** किंग (चार विकेट), किम गार्थ और डार्सी ब्राउन (दो-दो विकेट) के शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के बाद ऐनाबेल सदरलैंड (नाबाद 24) और फीबी लिचफील्ड (नाबाद 20) रनों की पारियों के दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इंग्लैड को 170 रन में समेट कर आस्ट्रेलिया महिला टीम ने एकमात्र टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड खिलाफ एक विकेट पर 56 रन बनाकर अच्छी शुरूआत की, हालांकि वह अभी इंग्लैंड के स्कोर से 114 रन से पीछे है।

इंग्लैंड के 170 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने सातवें ओवर में जॉर्जिया वॉल (12) का विकेट गवां दिया था। दिन का खेल समाप्त होने के समय ऑस्ट्रेलिया ने एक विकेट पर 56 रन बना लिए है और ऐनाबेल सदरलैंड (नाबाद 24) और फीबी लिचफील्ड (नाबाद 20) क्रीज पर मौजूद थी। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने एक विकेट लिया। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 47 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवां दिए। मैया बाउचियर (02), टैमी बोमॉन्ट (08) और कप्तान हीथर नाइट (25) रन बनाकर आउट हुई। इसके बाद नेट सायवर ब्रंट और सोफिया डंकली ने पारी को संभालने का प्रयास किया। अलाना किंग ने सोफिया डंकली (21) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा।

# रणजी मैच के पहले दिन नहीं आई कोहली की बैटिंग

## मुकाबला देखने करीब 15 हजार दर्शक आए, पुलिस ने किया लाठीचार्ज, रेलवे को 241 रन पर समेटा

### पहले दिन दिल्ली ने एक विकेट खोकर बनाए 41 रन



**नई दिल्ली, वार्ता** : विराट कोहली 12 साल के बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी कर रहे हैं। वे दिल्ली की ओर से अरुण जेटली मैदान पर रेलवे के खिलाफ खेल रहे हैं। मुकाबले के पहले दिन कोहली की बैटिंग नहीं आई। स्टंप्स तक पहली पारी में दिल्ली का स्कोर 41/1 है। यश धुल 17 और सनत सांगवान 9 रन बनाकर नाबाद लौटे। कोहली का यह मैच देखने के लिए अरुण जेटली स्टेडियम में गुरुवार को 15 हजार से ज्यादा फैंस आए थे। भीड़ नियंत्रित करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज भी करना पड़ा।

राष्ट्रीय राजधानी के अरुण जेटली स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मुकाबले में रेलवे ने उपेंद्र यादव (95) और कर्ण शर्मा (50) के शानदार योगदान के बदौलत गुरुवार को दिल्ली के खिलाफ 241 का सम्मानजक स्कोर खड़ा किया और इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 10 ओवर में एक विकेट पर 41 रन बना लिए हैं। दिल्ली के पहले विकेट के तौर पर अर्पित राणा (10) रन बनाकर आउट हुए। उन्हें कुणाल यादव ने आउट किया। दिन का खेल समाप्त होने के समय यश ढुल (नाबाद 17) और सनत सांगवान (नाबाद नौ) क्रीज पर थे। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रेलवे की शुरुआत खराब रही और दूसरे ही ओवर में नवदीप सैनी ने अंचित यादव (07) को आउटकर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद कप्तान सूरज अहूजा (14) बनाकर पवेलियन लौट गए। सातवें ओवर में नवदीप सैनी ने विवेक सिंह को बिना खाता खोले पवेलियन भेज दिया और दिल्ली को तीसरी सफलता दिलाई। मोहम्मद सैफ (24), भार्गव मेराई (00), अयान चौधरी (00) और कर्ण शर्मा (50) रन बनाकर आउट हुए। 66वें ओवर में सुमित माथुर ने शतक की ओर बढ़ रहे उपेंद्र यादव (95) को आउटकर रेलवे को आठवां झटका दिया। हिमांशु (29) नौवें विकेट के रूप में आउट हुए। 68वें ओवर में सुमित ने राहुल शर्मा (00) को आउट कर रेलवे को 241 के स्कोर पर समेट दिया। रेलवे के चार बल्लेबाज बिना खाते खोले पवेलियन लौटे। दिल्ली की ओर से नवदीप सैनी और सुमित माथुर ने तीन-तीन विकेट लिए। सिद्धांत शर्मा और मनी ग्रेवाल ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

### शार्दूल ने झटके चार विकेट, मुंबई ने मेघालय पर बनाई मजबूत पकड़

**मुंबई, वार्ता** : शार्दूल ठाकुर (चार विकेट) और मोहित अवस्थी (तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद लाड (नाबाद 89) और अजिंक्य रहाणे (नाबाद 83) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर मुंबई ने रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए में दो विकेट पर 213 का स्कोर कर 127 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं। मेघालय के 86 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने अपना पहला विकेट आयुष म्हात्रे (05) के रूप में गवां दिया। अमोघ भटकल (28) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सिद्धेश लाड और अजिंक्य रहाणे ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने धैर्यपूर्ण बल्लेबाजी करते हुए अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)

CMYK